kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-84 ❑ शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है तथा शोध और नवाचार विकसित भारत की बौद्धिक शक्ति का आधार है कौशल विकास, उद्यमिता और 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी अनिवार्य बताया है। **ओम बिरला**

अमेरिकी नौसेना प्रमुख ने त्यागपत्र दिया: युद्ध विभाग 11

वर्षों के अनुशासित प्रयासों और त्याग की परिणति है दीक्षांत समारोह : उपराष्ट्रपति 12

## संक्षेप

### नितीश कुमार ने संभाला पावर कारपोरेशन एमडी का पदभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक के पद पर नवनियुक्त आईएएस अधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को विधिवत अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने बीती शाम केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर गए पंकज कुमार से कार्यभार ग्रहण कर लिया था। नितीश कुमार दक्षिणांचल डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक से यहां स्थानान्तरित हुए हैं। वे 2010 बैंच के अधिकारी हैं और अयोध्या एवं बरेली के जिलाधिकारी के अतिरिक्त कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

### केजीएमयू में नए कुलपति की तलाश तेज, 15 मई तक आवेदन

**लखनऊ।** केजीएमयू के लिए नए कुलपति की तलाश शुरू कर दी गई है। जन भवन की ओर से इसके लिए आधिकारिक विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 15 मई तक आवेदन कर सकते हैं। राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी की तरफ से विज्ञापन जारी किया गया है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हालांकि गुरुवार देर शाम तक जन भवन की वेबसाइट पर कुलपति की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन नहीं खुल रहा था। मौजूदा कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद का कार्यकाल अगस्त में पूरा होगा। ऐसे में लगभग तीन महीने पहले ही चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ताकि समय रहते नए कुलपति की नियुक्ति सुनिश्चित की जा सके। प्रशासनिक कार्यों में किसी तरह की बाधा न आए।


### लखनऊ और गाजियाबाद समेत 19 जिलों में 50 डिग्री तापमान जैसी महसूस हुई तपिश

**लखनऊ।** पश्चिमी यूपी से लखनऊ तक गुरुवार को हीट इंडेक्स यानी ताप सूचकांक ज्यादा रहा। इसका आशय है कि इन 19 जिलों में लोगों ने 40 से 50 डिग्री तक के तापमान जैसी गर्मी दिन में महसूस की। साथ ही 44.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज सबसे गर्म शहर रहा। अलीगढ़ और बलिया में हीट वेव यानी लू की स्थिति रही। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को गर्मी और प्रचंड तेवर दिखा सकती है। आईएमडी लखनऊ ने सूबे के 40 शहरों के लिए हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। अलीगढ़ में अधिकतम तापमान 43.0 रहा जो सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। मौसम विभाग के अनुसार यदि तापमान 40 से अधिक हो और सामान्य से विचलन 4.5 या इससे अधिक हो तो इसे हीट वेव की स्थिति माना जाता है। ऐसी ही स्थिति बलिया के साथ रही जहां अधिकतम तापमान 42 और सामान्य से विचलन 4.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इस स्थिति में गर्मी का प्रभाव आम जनजीवन पर काफी अधिक पड़ता है। अधिकतम तापमान में 43.8 डिग्री के साथ सुलतानपुर दूसरे नम्बर पर सबसे ज्यादा तपने वाला शहर रहा। वाराणसी (बीएचयू) 43.4 डिग्री सेल्सियस के साथ तीसरे नम्बर पर रहा।

# हाईस्कूल में कशिश-अंशिका, इंटर में शिखा टॉपर

## यूपी बोर्ड परिणाम : हाईस्कूल में 90.42% और इंटर में 80.38% छात्र सफल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




- ❑ योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पूरी तरह पारदर्शी और नकलविहीन रही बोर्ड की परीक्षाएं, 15 कार्यदिवसों में 8,033 केंद्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षाएं, 18 मार्च से 4 अप्रैल तक हुआ मूल्यांकन
- ❑ हाईस्कूल में 26 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल, 23.52 लाख हुए उत्तीर्ण
- ❑ इंटरमीडिएट में 24.86 लाख अभ्यर्थी हुए शामिल, करीब 20 लाख पास
- ❑ दोनों कक्षाओं में बालिकाएं रहीं आगे, पास प्रतिशत में लड़कों से काफी बढ़त

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परिणामों में हाईस्कूल में 90.42% और इंटर में 80.38% छात्र सफल घोषित किए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की कशिश वर्मा (97.83) और द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी) की अंशिका वर्मा (97.83%) रहीं। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की शिखा वर्मा (97.60%) रहीं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है और उनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

परीक्षा परिणाम 23 अप्रैल 2026 को सायं 4 बजे शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं बोर्ड के सभापति डॉ. महेंद्र देव तथा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किया गया। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 के बीच प्रदेश के 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल 2026 के बीच कुल 254 मूल्यांकन केंद्रों पर कराया गया। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 26,01,381 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 13,43,524 बालक और 12,57,857 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें से कुल 23,52,181 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 90.42 रहा। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.30 जबकि बालिकाओं का 93.76 प्रतिशत रहा, जो कि लड़कों से 6.46 प्रतिशत अधिक है। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 90.51 रहा, जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 66.67 प्रतिशत दर्ज किया गया। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 96,803 परीक्षकों द्वारा किया गया। दूसरी तरफ, इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 24,86,072 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 13,09,397 बालक और 11,76,675 बालिकाएं थीं। इनमें से 19,98,317 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 80.38 रहा। बालकों का पास प्रतिशत 75.04 और बालिकाओं का 86.32 प्रतिशत रहा, यानी बालिकाएं 11.28 प्रतिशत आगे रहीं। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 80.47 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 77.54 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 55,973 परीक्षकों द्वारा किया गया। इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से 9 फरवरी 2026 के बीच दो चरणों में 18,007 परीक्षकों की निगरानी में सम्पन्न कराई गईं। आंशिक विषयों की परीक्षा में हाईस्कूल के 3,286 और इंटरमीडिएट के 58,134 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है, वहीं परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया।

### मुख्यमंत्री ने छात्रों को दी बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह सफलता आपके अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। आप सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी लगन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलता के नित नए आयाम स्थापित करें, मां सरस्वती से यही प्रार्थना है।

# पश्चिम बंगाल में हुआ रिकॉर्ड तोड़ 91.64 प्रतिशत मतदान

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पहले चरण में शाम छह बजे तक रिकॉर्ड तोड 91.64 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य के दक्षिण दिनाजपुर जिले में सबसे अधिक 94.50 प्रतिशत और केलिमपोंग जिले में सबसे कम 82.89 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अलीपुरद्वार में 90.28 , बांकुरा में 91.34, बीरभूम में 93.37, कूचबिहार में 94.12, दार्जिलिंग में 87.91, जलपाईगुडी में 92.85, झारग्राम में 91.74, मालदा में 91.90, मुर्शिदाबाद में 92.76, पश्चिम बर्धमान में 88.96, पश्चिम मेदिनीपुर में 91.69, पूर्वी मेदिनापुर में 90.19, पुरलिया में 89.26 और उत्तर दिनाजपुर में 91.84 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य में इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। बीरभूम जिले में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में कांग्रेस का एक कार्यकर्ता घायल हो गया। दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारगंज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार शुभेंदु सरकार पर हमले के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा कहीं से कोई अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है।

राज्य में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से पहले चरण में आज 152 सीटों पर मतदान समाप्त हो गया है। मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो गया। मतदान का समय समाप्त होने से पहले मतदान केन्द्रों में पहुंचे मतदाता अभी भी मतदान कर रहे हैं। बंगाल में भीषण गर्मी के बावजूद सभी मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाता लम्बी कतार में लगे हुए देखे गये। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए कुल 44,378 मतदान केन्द्र बनाये गये। जिन सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा है, उनमें नंदीग्राम, खड़गपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा और झारग्राम सीटों शामिल हैं। चुनाव आयोग ● शेष पेज 11 पर



### तमिलनाडु में 84.80 प्रतिशत मतदान

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरूवार शाम छह बजे तक 84.80 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले, जो अपने आप में रिकॉर्ड तोड़ मतदान है। मतदान प्रतिशत दर्शाता है कि मतदाताओं ने वोटिंग को लेकर खासे उत्साह का प्रदर्शन किया। तमिलनाडु में एक ही चरण में चुनाव कराया गया है। राज्य की सभी 234 सीटों के लिए मतदान आज सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। शाम छह बजे तक मतदान केन्द्र के प्रवेश करने वाले मतदाता मतदान कर रहे हैं। भीषण गर्मी के बावजूद सभी मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाता कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिये। जिससे मतदाताओं का उत्साह देखते ही बना।

# 'झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्च विपक्षियों को लग रही'

एजेंसी

कोलकाता। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बंगाल के मथुरापुर और कृष्णानगर में चुनावी रैली की । उन्होंने कहा- जनता ने तय कर दिया है कि 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। टीएमसी हारेगी और भाजपा का भरोसा जीतेगा।

मोदी ने कहा कि बंगाल की धरती मां दुर्गा को पूजती है, लेकिन टीएमसी ने महिला आरक्षण के खिलाफ वोटिंग की। टीएमसी की सरकार में गुंडों और बलात्कारियों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। बंगाल की बेटियां ये अत्याचार कभी नहीं भूल सकतीं। चुनाव प्रचार के दौरान झालमुड़ी खाने पर उन्होंने कहा- झालमुड़ी मैंने खाई है पर मिर्च विपक्ष को लग रही है। अब का मतदान सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ रहा है। मैं यहां परिवर्तन की आंधी देख रहा हूं। पीएम मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई थी। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के पहले



चरण के दौरान नदिया जिले के कृष्णनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए शरणार्थी समुदायों को नागरिकता सुरक्षा का आश्वासन दिया और महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद नागरिकता संशोधन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा, जिससे पात्र लोगों को सभी अधिकार और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समुदायों को डरने की आवश्यकता नहीं है और सरकार उनके अधिकारों की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा,''मैं यहां एक वादा करने आया हूं।

## योगी सरकार ने असमय बारिश से प्रभावित गेहूं पर दी राहत

लखनऊ। असमय हुई बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को देखते हुए योगी सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं की खरीद अब शिथिल मानकों के साथ की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों को नुकसान से बचाना और उन्हें मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से रोकना है। सरकार के निर्णय के अनुसार, अब प्रदेश में लस्टर लॉस (चमक की कमी) वाले गेहूं की स्वीकार्य सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। वहीं सिकुड़े और टूटे दाने की सीमा, जो पहले 6 प्रतिशत थी, उसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इससे बारिश के कारण गुणवत्ता प्रभावित होने के बावजूद किसानों का गेहूं खरीदा जा सकेगा। शिथिल मानकों के तहत खरीदे गए गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखा जाएगा और उसका अलग लेखा-जोखा होगा। इस गेहूं का उपयोग केवल उत्तर प्रदेश के भीतर ही किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस तरह खरीदे गए गेहूं के भंडारण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई गिरावट होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# मिर्ज़ापुर में ट्रक की टक्कर से बोलेरो में लगी आग, 11 मरे

एजेंसी

मिर्ज़ापुर। उत्तर प्रदेश में मिर्ज़ापुर जिले के ड्रॉमंडगंज थाना क्षेत्र में वाराणसी-कन्याकुमारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ के बड़का मोड़ पर बुधवार देर रात हुये भीषण सड़क हादसे में मृत 11 लोगों की शिनाख्त कर ली गयी है। पुलिस अधीक्षक अर्पणा कौशिक ने बताया कि मध्यप्रदेश की ओर से चना लादकर आ रहा एक ट्रक संभवतः ब्रेक फ़ेल होने के कारण अनियंत्रित हो गया और आगे चल रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बोलेरो एक स्विफ्ट कार से भिड़ गई, जो आगे चल रहे एक ट्रेलर ट्रक से जा टकराई। टक्कर के बाद बोलेरो सड़क से अलग जा गिरी और उसमें आग लग गई, जबकि अन्य वाहन आपस में फंस गए।

आग इतनी भीषण थी कि बोलेरो में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वाहन में सवार नौ लोगों की



जलकर मौत हो गई। मृतकों में मिर्ज़ापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र के नरैना गांव निवासी एक ही परिवार के सदस्य शामिल हैं, जो मध्यप्रदेश के मैहर देवी धाम से आठ वर्षीय बालक का मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे थे।

मृतकों में शिवा सिंह (8), वंदना सिंह (48), पीयूष सिंह (15), पंकज सिंह (40), वीना सिंह (47), सोनम सिंह (9) तथा चालक विष्णु सिंह (45) शामिल हैं। इसके अलावा सतना (मध्यप्रदेश) निवासी प्रियंका सिंह (42) और उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह (19) की भी मौत हुई है। हादसे में सोनभद्र के जयप्रकाश (28) और ट्रक के खलासी सागर (मध्यप्रदेश) निवासी विकास शर्मा की भी जान गई। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया, जिसके बाद कई घंटों की मशक्कत के बाद यातायात बहाल किया गया। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए शोक व्यक्त किया है और घायलों के समुचित उपचार तथा पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बड़का मोड़ क्षेत्र में अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं, जिससे इसे 'किलर मोड़' के रूप में जाना जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के समय आग इतनी तेज थी कि किसी के पास जाने की हिम्मत नहीं हो पा रही थी और लोग अंदर से बचाने की गुहार लगाते रह गए।

## जन्मसिद्ध नागरिकता को निशाना बनाया


# ट्रंप ने भारत और चीन को बताया 'नरक'

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर चल रही बहस के बीच भारत और चीन सहित कुछ देशों को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की है, जिससे नयी राजनीतिक चर्चा छिड़ गई है।

श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पत्र साझा करते हुए इन देशों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया और जन्मसिद्ध नागरिकता सहित कई अमेरिकी नागरिकता कानूनों की आलोचना की। पत्र में कैलिफ़ोर्निया के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नियुक्तियों को लेकर दावा किया गया है कि वहां भारत और चीन से आए लोगों का वर्चस्व है, हालांकि इसके समर्थन में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है। पत्र का मुख्य विषय जन्मसिद्ध नागरिकता की नीति है, जिसके तहत अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को नागरिकता मिलती है। इसमें आरोप लगाया गया है कि इस प्रावधान का उपयोग कर प्रवासी अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी देश में लाते ● शेष पेज 11 पर

### बाद में कहा- यह महान देश, शीर्ष पर मेरे दोस्त



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। महज 24 घंटे के भीतर ट्रंप ने भारत को लेकर जो यूटर्न लिया है, जस देश को कल तक उन्होंने 'नरक का द्वार' कहा था, आज उसी भारत को उन्होंने एक महान राष्ट्र बताया है। इतना ही नहीं, ये भी कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।

## करने की इच्छाशक्ति हो तो लाया जा सकता है व्यापक परिवर्तन : मुख्यमंत्री

# नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है।

सीएम योगी गुरुवार पूर्वाह्न राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। एकला बंधे पर आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अच्छा करने की इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने एकला बंधा पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। बहुत भद्दा और बहुत बुरा लगता था। पर, करने की इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। उन्होंने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वही डंप होता था। नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन मार्केट और गोरखपुर की मंडी है। ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधा पर गिराया जाने लगा। इसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। इसके चलते एनजीटी भी जुर्माना लगाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया।



ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है। 2.26 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर बनाया गया ईको पार्क पूरे परिवार के लिए पिकनिक स्पॉट और बेहतरीन पर्यटन स्थल बन गया है। यहां पर बच्चों के खेलने के लिए पार्क है। योग और ध्यान की क्रिया के लिए व्यक्ति यहां आराम से बैठ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जो परिवर्तन आया है, वह गोरखपुर के विकास का मजबूत विश्वास और यहां की टीम के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इच्छा शक्ति और साफ नीयत के कारण बीते नौ वर्षों में गोरखपुर में हर क्षेत्र में बदलाव हुआ है। गोरखपुर ने रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, खेल, उद्योग, रोजगार सहित हरेक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। पहले जहां खेलने की सुविधा नहीं थी, आज गोरखपुर में कई मिनी स्टेडियम बने हैं। गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। गोरखपुर में एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के उत्कृष्ट केंद्र बने हैं। यहां चार विश्वविद्यालय है। गोरखपुर में खाद कारखाना भी चल गया है और पिपराइच में चीनी मिल भी लग गई है। इतना ही नहीं, दक्षिणांचल सहित जिले में बाढ़ की समस्या का भी तेजी से समाधान हो रहा है। सीएम योगी ने ईको पार्क के सामने से नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क को नौसढ़ की जाम की समस्या का समाधान करने का माध्यम बताते हुए कहा कि करीब तीन किमी लंबे इस फोरलेन से लखनऊ और वाराणसी मार्ग पर आने जाने के लिए आवागमन और भी सुगम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर में जहां पहले पानी भरता था, आज वहां बेहतर नालियां है। जहां पहले अंधेरा था, आज वहां एलइडी स्ट्रीट लाइट की रोशनी है। जहां लोगों के सामने पेयजल की समस्या थी, वहां आज शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हुई है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बिजली नहीं मिलती थी। अब इस एकला तटबंध पर जो भी बिजली जलेगी, वह सोलर एनर्जी होगी। इसके लिए सोलर पैनल लगाए गए हैं। यह भी नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में किया गया एक बेहतरीन प्रयास है।

# डीएम ने जनगणना के सफल संचालन के लिये तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

❐ सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को पूर्ण निष्ठा, शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ करें संपादित – सरनीत कौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। भारत की जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु संचालन के दृष्टिगत 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा सदर तहसील में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली की समस्त तहसीलों एवं नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों में 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं एवं दायित्वों के प्रति दक्ष बनाना है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में जनगणना को एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण एवं नीतिगत निर्णयों के लिए आधार प्रदान करते हैं। अतः सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य को पूर्ण निष्ठा, शुद्धता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना प्रपत्रों के सही एवं त्रुटिरहित भरने, डिजिटल माध्यमों/पोर्टल के उपयोग, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, डेटा की गोपनीयता बनाए रखने, संवेदनशील सूचनाओं के संकलन में सावधानी बरतने तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने हेतु विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी गणनाकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाएं और कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए तथा प्रशिक्षण उपरांत प्राप्त ज्ञान का प्रभावी क्रियान्वयन क्षेत्र में किया जाए। किसी भी प्रकार की शंका अथवा समस्या की स्थिति में संबंधित उच्चाधिकारियों से तत्काल समन्वय स्थापित किया जाए। इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं- जैसे जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली, प्रपत्रों का संधारण, डिजिटल एंट्री, निगरानी व्यवस्था, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन- पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे जनपद में जनगणना 2027 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

# यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में प्रयागराज ने हासिल किया तीसरा स्थान, 95.36 फीसदी परीक्षार्थी हुए सफल

❐ प्रयागराज की अविका शर्मा ने यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में किया जिले में टॉप, परीक्षा में हासिल किए 97.17 फीसदी अंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश ने बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए ।

उत्तर प्रदेश में यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में कुल सफल परीक्षार्थियों के मामले में प्रयागराज जनपद तीसरे स्थान पर है। भदोही पहले और आगरा का स्थान दूसरा है। प्रयागराज जिले में कुल 88,566 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमें 84458 परीक्षार्थी सफल हुए है । इस तरह जनपद में 95.36 फीसदी रिजल्ट रहा है। प्रयागराज जिले में हाईस्कूल में अविका शर्मा ने जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

## अविका शर्मा ने प्रयागराज में किया टॉप



प्रयागराज शहर के सेंट अंथोनी सीजे इंटर कॉलेज की छात्रा अविका शर्मा ने यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में टॉप कर जिले का मान बढ़ाया है। अविका ने इस परीक्षा में 97.17 फीसदी अंक हासिल किए हैं। अविका बताती है कि वह विद्यालय से आने के बाद चार से पांच घंटे पढ़ाई करती थी । घर की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने की वजह से उसे घर के काम काज में भी हाथ बटाना होता था। लेकिन टॉपर्स में उसका नाम आने के बाद उसकी मेहनत कामयाब हो गई।

## अविका की आंखों में पलता है आईएएस बनने का सपना

प्रयागराज शहर के भारद्वाज पुरम मोहल्ले क रहने वाली अविका शर्मा एक मध्यम परिवार से है। अविका की मां रूपा एक हाउस वाइफ है जबकि पिता राम नरेश शर्मा की गैस की एक छोटी से दुकान है। अविका का कहना है कि भले वह अभाव की ही जिंदगी देखी है लेकिन इसके सपने बड़े हैं। अविका आगे चलकर आईएएस बनना चाहती है। अविका का कहना है कि समाज में अपना योगदान देने के कई रास्ते हैं लेकिन प्रशासनिक अधिकारी के पद तक पहुंचने के बाद यह सहज हो जाता है। अविका शर्मा को पॉलिटिकल रोल मॉडल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं । अविका कहती है कि योगी जी के समय में ही ऐसा वातावरण मिला है जहां लड़कियां निर्भय होकर स्कूल कॉलेज से लेकर कोचिंग जा सकती हैं।

## मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए सुनहरा अवसरः राजकीय ममता विद्यालय कौडिहार में निःशुल्क प्रवेश शुरू

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय ममता विद्यालय, कौडिहार में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मानसिक मंदित (माइल्ड एवं मॉडरेट श्रेणी) बच्चों का निःशुल्क प्रवेश एवं पंजीकरण अप्रैल 2026 से प्रारम्भ हो गया है। यह विद्यालय विशेष रूप से ऐसे बच्चों के समग्र विकास के लिए समर्पित है।विद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश के लिए बच्चों की आयु 6 से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थियों के पास मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, अभिभावक का आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो आवश्यक हैं। जनपद के साथ-साथ अन्य जनपदों के बच्चे भी प्रवेश के लिए पात्र हैं।प्रभारी अधीक्षक श्री दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में प्रशिक्षित विशेष शिक्षकों द्वारा मनोवैज्ञानिक पद्धति पर आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके साथ ही 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण (वोकेशनल ट्रेनिंग) की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।विद्यालय में स्मार्ट क्लास, खेलकूद, मनोरंजन, शैक्षणिक भ्रमण, सीसीटीवी से सुरक्षित परिसर, गुणवत्तायुक्त भोजन, शुद्ध पेयजल, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क ड्रेस, स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री की व्यवस्था की गई है। साथ ही जनपद एवं अन्य जनपदों के बच्चों के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है।प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभिभावक मोबाइल नंबर 9412183049 एवं 7355544383 पर संपर्क कर सकते हैं।

## अल्लापुर में चार दिन से पानी संकट, लोग परेशान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के अल्लापुर स्थित कृष्ण कुंज मोहल्ले में भीषण गर्मी के बीच पिछले चार दिनों से पानी का गंभीर संकट बना हुआ है। क्षेत्र के बाघम्बरी रोड इलाके में जलापूर्ति ठप होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में एकमात्र पानी का टैंकर खड़ा किया गया है, जिससे लोग किसी तरह पानी लेकर अपना गुजारा कर रहे हैं। सुबह-शाम टैंकर पर भीड़ जुट रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद जल निगम और प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। लोगों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

## खबर का असरः पहाड़ी कला में पानी संकट पर प्रशासन सक्रिय

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शंकरगढ़ ब्लॉक के ग्राम सभा पहाड़ी कला में आदिवासी बस्ती में पेयजल संकट की खबर सामने आने के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला अधिकारी मनीष वर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से बस्ती में नया बोरिंग कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उप जिलाधिकारी बारा गणेश कनौजिया मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही पानी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

## यूपी बोर्ड रिजल्ट घोषित, कशिश वर्मा और सिखा वर्मा टॉपर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष हाईस्कूल (10वीं) में कशिश वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में सिखा वर्मा ने टॉप किया है। परिणाम जारी होते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी जा रही हैं। इस बार भी छात्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा है, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार के संकेत मिल रहे हैं।

## कमिश्नरेट में कारखास को लेकर खींचतान, चर्चाओं का बाजार गर्म

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज कमिश्नरेट के एक थाने में कारखास को लेकर अंदरूनी खींचतान की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार सिपाही अपने-अपने प्रभाव को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे थाने के भीतर प्रतिस्पर्धा का माहौल बना हुआ है। इस मामले ने कारखास पद से होने वाली कथित कमाई को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चा है कि इस पद से बड़ी रकम अर्जित होती है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला फिलहाल विभागीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

## डीएम के निर्देश पर पहाड़ी कला में नया बोरिंग, लोगों को राहत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम पंचायत पहाड़ी कला की आदिवासी बस्ती में पेयजल संकट के समाधान के लिए प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। जिला अधिकारी मनीष वर्मा के निर्देश पर बस्ती में नया बोरिंग कराया जा रहा है। उप जिलाधिकारी बारा गणेश कनौजिया मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन की इस पहल से स्थानीय लोगों में राहत की उम्मीद जगी है और जल्द पानी की समस्या दूर होने की संभावना है।

## मांडा के डेंगुरपुर घाट पर युवक की डूबने से मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के यमुनानगर क्षेत्र अंतर्गत मांडा के डेंगुरपुर घाट पर एक बार फिर दर्दनाक हादसा हो गया। गंगा नदी में डूबने से एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी के रूप में हुई है, जो मजदूरी के सिलसिले में क्षेत्र में आया था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## फूलपुर में मानवता शर्मसार, पानी पीने से रोकने और मारपीट का आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के फूलपुर थाना क्षेत्र के घुड़दौली गांव से मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि गौतम समाज के लोगों को पानी पीने से रोका गया, धूप में पैदल दौड़ाया गया और उनके साथ मारपीट की गई। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और पीड़ितों ने न्याय की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की घटना समाज में भेदभाव को दर्शाती है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## पाइप कंपनी में युवक ने खुद को गोली मारी, मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज के यमुनानगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक पाइप कंपनी में युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रमेश चंद्र मिश्रा नामक व्यक्ति बकाया रकम लेने कंपनी पहुंचे थे। बातचीत के दौरान अचानक उन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से कनपटी पर गोली मार ली। घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पूरी घटना कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का अलर्टः अगले चार दिनों तक लू और गर्म रातों की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मौसम केंद्र लखनऊ ने प्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार 23 अप्रैल से 27 अप्रैल 2026 तक उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू (हीट वेव) और उष्ण रात्रि (गर्म रातें) पड़ने की प्रबल संभावना है।मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 24 अप्रैल से पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों जैसे प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया समेत कई क्षेत्रों में लू चलने की आशंका है। इसके साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में गर्म रातों का असर भी बना रहेगा।25 और 26 अप्रैल को लू का दायरा और बढ़ने की संभावना है, जिससे पूर्वांचल, बुंदेलखंड और मध्य यूपी के अधिकांश जिले प्रभावित हो सकते हैं। इस दौरान तापमान में तेज बढ़ोतरी और उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है।मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। साथ ही मजदूरों, किसानों और धूप में लंबे समय तक काम करने वाले लोगों में लू लगने और डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक रहेगा।क्या करें और क्या न करेंःदोपहर के समय धूप में निकलने से बचेंहल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनेंसिर को कपड़े, टोपी या छतरी से ढककर रखेंअधिक मात्रा में पानी, ग्टट्ट, लस्सी, छाछ, नींबू पानी जैसे तरल पदार्थ लेंजानवरों को छांव में रखें और पर्याप्त पानी देंकिसानों के लिए सलाहः मौसम विभाग ने किसानों को फसलों में नमी बनाए रखने के लिए हल्की सिंचाई करने, मल्चिंग अपनाने और समय पर कटाई करने की सलाह दी है। अधिक तापमान के कारण गेहूं, दलहन, सब्जियों और फलों की फसलों पर असर पड़ सकता है।मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें।

# मिर्ज़ापुर में बेसहारा महिला और विकलांग भाई को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज । मिर्ज़ापुर इमामबाड़ा पानी टंकी सदर निवासी रसीदन (स्वर्गीय जमील की पत्नी) और उनके विकलांग भाई सुबराती (स्वर्गीय पीर मोहम्मद के पुत्र) सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। रसीदन के पति का निधन वर्ष 2022 में बीमारी के कारण हो गया था और उनके कोई संतान नहीं है। वह पिछले लगभग ढाई वर्षों से अपने भाई सुबराती के साथ कोरांव, प्रयागराज में रह रही हैं।

बताया गया है कि बारिश में उनका मकान गिर जाने के कारण राशन कार्ड, आधार कार्ड और अन्य सरकारी दस्तावेज नष्ट हो गए हैं। इस वजह से दोनों भाई-बहन किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। रसीदन वृद्धावस्था में बीड़ी बनाने और घरों में मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रही हैं। उनके भाई सुबराती भी विकलांग हैं, जिनकी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी और उनके भी कोई संतान नहीं है। दोनों भाई-बहन वर्तमान में बेसहारा जीवन गुजार रहे हैं।बेसहारा जीवन गुजार रहे हैं।रसीदन का कहना है कि उन्होंने नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। पीड़ित रसीदन ने मांग की है कि उन्हें आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए, ताकि वे और उनके भाई सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

## परिवारिक विवाद में युवक पर लाठी-डंडों से हमलाः मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के डेहवा गांव में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बीते मंगलवार की शाम एक व्यक्ति ने अपने ही परिवार के लोगों पर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के डेहवा गांव की रहने वाली पीड़िता रिंकी पत्नी गौरीशंकर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की शाम परिवार के ही रामकुमार पुत्र स्वर्गीय गोपाल उनके घर के बाहर आकर उनके पति से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी ने उनके पति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी ने भद्दी गालियां भी दीं।पीड़िता के अनुसार, जब वह शोर सुनकर घर के बाहर पहुंची तो आरोपी उनके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। घटना के बाद घायल पति को परिजनों ने संभाला और मामले की सूचना पुलिस को दी गई।इस संबंध में मोहनलालगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# डीएम व एसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। रायबरेली जनपद के सरेनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से तीन व्यक्तियों की दुखद मृत्यु हो गई जिसमें ग्राम रानीखेड़ा के निवासी हरिओम 22 वर्ष, हरिशंकर 16 वर्ष व सत्येन्द 26 वर्ष एवं हिमांशु सीएचसी सरेनी में भर्ती है जिनका उपचार किया जा रहा है। उक्त प्रकरण का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जिला अस्पताल रायबरेली पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

जिलाधिकारी ने शोकाकुल परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृतकों के परिजनों को शासन द्वारा अनुमन्य राहत राशि/मुआवजा शीघ्र दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। पुलिस अधीक्षक ने भी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बताया कि मामले की आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु सतर्कता बढ़ाई जाएगी। जनपद प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नदी-तटों पर जाते समय विशेष सावधानी बरतें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके( निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ पुष्पेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# यूपी बोर्ड रिजल्टः लखनऊ पब्लिक कॉलेज के मेधावियों ने लहराया परचम

❐ स्कूल में जश्न का माहौल- 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आद्रिजा और आरोही ने रचा इतिहास, प्रदेश में 10वां और लखनऊ में हासिल किया प्रथम स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । यूपी बोर्ड हाईस्कूल (दसवीं) एवं इंटरमीडिएट (बारहवीं) के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित होते ही लखनऊ पब्लिक कॉलेज की राजाजीपुरम बी-ब्लॉक स्थित शाखा में खुशी की लहर दौड़ गई। मेधावी छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर में एकत्र हुए और एक-दूसरे को गले लगाकर व मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।

अभिभावकों के साथ पहुंचे छात्रों की आंखों में खुशी के आंसू साफ झलक रहे थे। छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10 में छात्रा आद्रिजा चौरसिया एवं आरोही सिंह ने संयुक्त रूप से 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां तथा लखनऊ में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदित्य कुमार कुशवाहा ने 95.17 प्रतिशत अंक के साथ जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया। अविका सिंह ने 95 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां, आरव सिंह ने 94.17 प्रतिशत अंक के साथ आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा रौनक गुप्ता (92.67%), श्रेष्ठ पटेल (91.83%) एवं अथर्व प्रताप सिंह (91.67%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12 में आर्ची सिंह ने 93 प्रतिशत अंक के साथ शहर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भैरवी मौर्य ने 92.40 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान पाया। समीक्षा राजपूत ने 91 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान, वंशिका शर्मा (88.40%), तविशी मित्तल (87%) एवं रिया सिंह यादव (86.80%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई, अनुशासन और शिक्षकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर निरंतर प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस.पी. सिंह (सांसद) एवं जनरल मैनेजर हर्षित सिंह ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## एसकेडी एकेडमी के छात्र सुभान अली ने इंटरमीडिएट में लखनऊ किया टॉप

लखनऊ । एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। एसकेडी एकेडमी से कक्षा 12 के छात्र सुभान अली ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लखनऊ में प्रथम स्थान हासिल किया, साथ ही उन्होंने जेईई मेन्स में 88 परसेंटाइल भी प्राप्त किए। तो वहीं वंश राज सिंह ने कक्षा 10 में 91.67 प्रतिशत अंक तथा गौरव सिंह ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने इस उपलब्धि पर छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी व पीएनजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में पेट्रोलियम पदार्थ (यथा- पेट्रोल, डीजल, एलपीजी व पीएनजी) आदि की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु एक बैठक संबंधित अधिकारियों व पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस आदि की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गई है। बैठक में ऑयल कम्पनी के विक्रय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, उपभोक्ताओं को सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन आवासीय व कार्मशियल एरिया में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया है वहां पर उपभोक्ताओं को प्रेरित कर कनेक्शन दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में उपभोक्ताओं के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं यथा- चिकित्सालयों, आश्रमों, शैक्षणिक संस्थानों, केन्द्रीय विद्यालयों, सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य प्रतिष्ठानों को पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस आदि की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जायें, उन्होंने कहा कि आम जनमानस को आश्वस्त किया जाए कि जनपद में घरेलू गैस, पेट्रोल व डीजल की आदि की पर्याप्त उपलब्धता है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर्रहमान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : शिवराम सिंह

कानपुर । संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। सभी विभाग और प्रकोष्ठ अपने-अपने स्तर पर टीम गठन तेजी से कार्य पूरा करें। हर कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी से ही विचार और योजनाएं जन-जन तक पहुंचेंगी। मंडल स्तर तक मजबूत संरचना बनाना आवश्यक है। सभी दायित्व निष्ठा और समर्पण के साथ निभाए जाएं। यह बातें गुरुवार को भाजपा दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कही।दक्षिण जिला कार्यालय में आयोजित इस बैठक में संगठन को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। मीडिया प्रभारी संजीव बेरी ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करना और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना रहा।जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने विभागों और प्रकोष्ठों के जिला संयोजकों से मंडल स्तर तक टीम गठन शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन से ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को समाज के हर वर्ग तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचनाः
**NER-LJN-2026-70 & 71**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत हैः– **क्रम सं.-01,** ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2026-70, कार्य का नामः वरिष्ठ मण्डल इंजी०/द्वितीय के अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग सड़कों की मरम्मत का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 77,03,003.66, अग्रिम धन (₹): 1,54,100/-, समापन अवधिः 06 माह। **क्रम सं.-02,** ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2026-71, कार्य का नामः वरिष्ठ मण्डल इंजी०/द्वितीय के अनुभाग में बाउंड्री /फेंसिंग की मरम्मत, U/S PSC स्लीपर का उपयोग करके सी०आर०ओ०, एम०आर०ओ०, अतिक्रमण एवं ट्रेस्पैसिंग को रोकने का प्रावधान। (कुल लंबाई 09 किमी), अनुमानित लागत (₹): 2,33,68,937/-, अग्रिम धन (₹): 4,67,400/-, समापन अवधिः 09 माह।

**(1)** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-70 & 71 के लिये ई-निविदा दिनांक 14-05-2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
मुजाधि/डब्लू-41 **लखनऊ**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# धर्म उत्सव में उमड़ा 15 हजार से अधिक राम भक्तों का जनसैलाब

❒ सरोजनीनगर को विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करना मेरा संकल्पः विधायक डॉ. राजेश्वर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

लखनऊ । सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से आयोजित भव्य ह्लधर्म उत्सवङ्क एवं भजन संध्या कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नटुकुर मैदान में आयोजित इस आयोजन में लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

प्रारंभ में किशोर चतुर्वेदी की प्रस्तुति ने वातावरण को ऊर्जावान बनाया। इसके उपरांत विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का आगमन हुआ, जिनका स्वागत पुष्प एवं अभिनंदन के साथ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के बाल्यकाल के संघर्षों और उनकी प्रेरणादायक जीवन यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर कन्हैया मित्तल आज देश के प्रमुख भजन गायकों में स्थान रखते हैं।उन्होंने राम भक्तों पर गोली चलाने वालों और प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग राम द्रोही और राष्ट्र द्रोही विचारधारा के साथ हैं, उन्हें सरोजनीनगर की धरती पर स्थान नहीं मिलेगा।डॉ. राजेश्वर सिंह ने रामरथ श्रवण यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सरोजनीनगर परिवार के हजारों लोगों को इस यात्रा के माध्यम से प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के दर्शन कराए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में अब तक 220 मंदिरों का सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार किया जा चुका है।भजन सम्राट कन्हैया मित्तल जी के मंच पर आगमन के साथ ही पूरा वातावरण ह्लराम नामङ्क और भक्ति के सुरों से गूंज उठा। उनके लोकप्रिय भजन ह्लजो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगेङ्क ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए।इस अवसर पर कन्हैया मित्तल जी ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा रामरथ यात्रा के माध्यम से सरोजनीनगर के लोगों को अयोध्या के दर्शन कराए जा रहे हैं, उसी प्रकार लखनऊ से खाटू श्याम जी के लिए भी एक यात्रा का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने लखनऊ में खाटू श्याम दरबार स्थापित करने का भी आग्रह किया, जिन दोनों प्रस्तावों को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहर्ष स्वीकार किया। उनके इस प्रस्ताव का उपस्थित श्रद्धालुओं ने जोरदार समर्थन किया।रामरथ श्रवण यात्रा के श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थितिइस ह्लधर्म उत्सवङ्क में रामरथ श्रवण यात्रा के दर्शनार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भजन संध्या में भाग लेकर इसे एक विराट आध्यात्मिक जन-उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानकार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा भजन गायक कन्हैया मित्तल जी को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश खन्ना जी एवं अन्य वरिष्ठ अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने भी कन्हैया मित्तल जी का अभिनंदन किया।

जनप्रतिनिधियों व गणमान्यजनों की सहभागिताभारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों—मोहित तिवारी, विवेक राजपूत, के.के. श्रीवास्तव, दल बहादुर सिंह, विनोद कुमार मौर्य एवं रमाकांत 'राजन' मिश्रा—ने कन्हैया मित्तल जी का पटका पहनाकर अभिनंदन किया।पार्षद लवकुश रावत, कौशलेंद्र द्विवेदी, सौरभ सिंह 'मोनू', कमलेश सिंह, विमल तिवारी, केतन सिंह, नेहा सिंह, राम नरेश रावत, गीता देवी, संजीव अवस्थी, मनोज रावत, ब्रजमोहन शर्मा, हिमांशु अंबेडकर, सतगुरु शरण रावत, अमित कुमार एवं हनुमान पाल ने भी सम्मान में सहभागिता की।इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्यजनों—शिव शंकर अवस्थी, राजेश सिंह चौहान, शिव शंकर सिंह 'शंकर', गोविंद पांडे, राजकुमार सिंह, कर्नल दया शंकर दुबे, पप्पू तिवारी, राजकुमार पटेल, राकेश रावत, ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत, रमाशंकर त्रिपाठी एवं पुष्कर शुक्ला—की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सुव्यवस्थित आयोजन और जनसहभागितापूरे कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाएं उत्कृष्ट रहीं। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों, कलाकारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सांस्कृतिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं।

# पर्यावरण संरक्षण में योगी सरकार के साथ काम करेगी कोका कोला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। कोका-कोला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हाथ मिलाया है। इस क्रम में कंपनी ने 'इन्वेस्ट यूपी' के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत राज्य में जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, आजीविका सृजन और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत जल उपलब्धता के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने, कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा स्थानीय समुदायों के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

एमओयू के हस्तांतरण के दौरान इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय किरण आनंद, एजीएम (को-ऑर्डिनेशन/ओएसडी/सीएसआर नोडल) आनंद कुमार पांडे, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर विवेक लधानी, डायरेक्टर सिद्धार्थ लधानी तथा कोका-कोला इंडिया की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

विजय किरण आनंद ने कहा कि यह साझेदारी पर्यावरण संरक्षण के उपायों को बुनियादी ढांचे के विकास के साथ जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए दीर्घकालिक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सकेगा। कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया की वाइस प्रेसिडेंट (पब्लिक अफ़ेयर्स, कम्युनिकेशंस एंड सस्टेनेबिलिटी) देवयानी आरएल राणा ने कहा कि कंपनी समाज-आधारित पहल के माध्यम से जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन और आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य करेगी।

इस समझौते के माध्यम से कोका-कोला इंडिया ने सीएसआर आधारित पहलों के जरिए समाज-केंद्रित विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

# भव्य पालकी यात्रा व भजन संध्या से गूंजा साईं धाम, आयोजित हुआ भंडारा

❒ यात्रा कुर्सी रोड होते हुए टेढ़ी पुलिया चौराहा पहुंची और पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । कुर्सी रोड स्थित गौराबाग के श्री साईं बाबा मंदिर में 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंगल स्नान व पूजन के बाद घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ साईं बाबा की पालकी मंदिर परिसर से निकली।

यात्रा कुर्सी रोड होते हुए टेढ़ी पुलिया चौराहा पहुंची और पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु साईं नाम का जाप करते हुए आगे बढ़ते रहे।शाम को आयोजित भजन संध्या में भक्तिभाव का माहौल और गहरा हो गया। गायक साईं शाकिर, विशाल कौशिक, गरिमा जायसवाल और साक्षी ने साईं भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि पंडाल में मौजूद श्रद्धालु झूम उठे। ह्लचलो शिरडी के द्वारे३ङ्क, ह्लहै साईं नाथ मेरे बाबा३ङ्क जैसे भजनों पर भक्त नाचते-गाते नजर आए। पूरा परिसर साईं बाबा के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम में अंकुर नटराज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत राधा-कृष्ण, श्रीराम-लक्ष्मण-सीता, बजरंग बली और भगवान शिव की आकर्षक झांकियां भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहीं। इस दौरान आयोजक डॉ. संदीप कुमार, अनुष्का, रमाकांत शुक्ला, जयकरन सिंह, नीलेश सोनकर, बीरेंद्र मौर्या, प्रवीण वर्मा, रंजीत यादव, अनुज यादव सहित बड़ी संख्या में साईं भक्त मौजूद रहे। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# लखनऊ महानगर के सभी मंडलों में भाजपा का नारी शक्ति सम्मेलन



❒ महिला जन आक्रोश पदयात्रा भी होगी आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर कार्यालय पर भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने सभी मंडल पर आयोजित होने वाली नारी शक्ति सम्मेलन एवं महिला जन आक्रोश पदयात्रा के निमित बैठक की। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा लखनऊ महानगर के सभी मंडलों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी मंडलों पर नारी शक्ति सम्मेलन एवं महिला जन आक्रोश पदयात्रा आयोजित की जाएगी। मंडल क्षेत्रों में नारी शक्ति सम्मेलन के जरिए महिलाओं तक सीधे सम्पर्क किया जाएगा। इसके लिए महिला मोर्चा को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। महिला जन आक्रोश पदयात्रा के जरिए कांग्रेस के साथ विपक्ष के ढोंग और महिला विरोधी सोच को उजागर किया जाएगा पदयात्रा में सभी स्थानीय महिला जनप्रतिनिधियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष जीडी शुक्ला, दीपू शुक्ला, योगेंद्र पटेल, मंत्री अर्चना साहू, कार्यालय सहमंत्री मयंक बाजपाई, आई टी संयोजक उत्तम मिश्रा उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में महिला से मारपीट, कपड़े फाड़ने और जान से मारने की धमकी का आरोप

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट, अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता साधना सिंह, निवासी पीरबटावन (बाराबंकी), की जमीन तिवारीगंज क्षेत्र में स्थित है, जिसको लेकर पहले से ही न्यायालय में विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि 15 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:30 बजे जब पीड़िता अपने प्लॉट पर पहुंची, तभी विपक्षी पक्ष के अजित कुमार, ललित कुमार और विशाल कुमार वहां आ धमके।आरोप है कि तीनों ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने लात-घूंसे और डंडों से हमला किया। इस दौरान महिला का दुपट्टा और कपड़े भी फाड़ दिए गए, जिससे उसे अपमानित होना पड़ा।शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, लेकिन आरोप है कि हमलावर नहीं माने और लगातार धमकाते रहे। किसी तरह पीड़िता मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रही।घटना के बाद पीड़िता ने तत्काल डायल 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 पर सूचना दी और थाना में लिखित शिकायत भी दी है।पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## महिला पर गाली-गलौज और झूठे आरोप लगाने का आरोप

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट क्षेत्र में एक महिला पर गाली-गलौज करने और लगातार झूठे आरोप लगाने का मामला सामने आया है। उनके द्वारा पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजीव चतुर्वेदी, जो कि बाराबंकी जनपद के निवासी हैं और पहले लखनऊ के पार्श्वनाथ सिटी क्षेत्र में रहते थे, ने आरोप लगाया है कि उसी कॉलोनी में रहने वाली एक महिला लंबे समय से उन्हें अपशब्द कहती रही है। जानकारी के मुताबिक, महिला उनके पुलिस में होने के कारण उन्हें लगातार धमकाती रही और 2021 से ही उनके खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाती आ रही है। हाल ही में फिर से एक घटना सामने आई, जब शनिवार रात करीब 9:34 बजे व्हाट्सएप ग्रुप पर महिला ने उन्हें गाली देते हुए 'चोर' तक कह दिया।उनका का कहना है कि यह सिलसिला लगातार जारी है, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित ने अपने आरोपों के समर्थन में व्हाट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चिनहट में धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट कोतवाली क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने की खबर सामने आयी है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कई लोगों ने मिलकर उस पर हमला किया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित राज मिश्रा 30 मार्च को एमिटी यूनिवर्सिटी गेट नंबर-1 के पास एक चाय की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान अचानक युवराज रावत उर्फ राजा, सैफ उर्फ सुमित रावत, निर्भय रावत और समीर ने 7 अज्ञात लोगों के साथ पहुंच और हमला शुरू कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने बेल्ट, चाकू और पास में पड़े तवे जैसे सामान से हमला किया। इस दौरान धारदार हथियार से किए गए वार में राज मिश्रा के बाएं हाथ में गंभीर चोट आई, जिससे उनका हाथ काम नहीं कर रहा है। घटना के दौरान हमलावरों ने उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया।बताया जा रहा है कि आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से किसी तरह पीड़ित की जान बच सकी। वहीं, जाते समय आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि यदि उसने शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा।घटना के बाद पीड़ित काफी भयभीत है, पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात लोगों ने युवक पर किया हमला, कार में तोड़फोड़ और जान से मारने की कोशिश

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट थाना क्षेत्र में एक युवक पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा हमला कर दिया द्य पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उसकी गाड़ी को रोककर मारपीट की और जान से मारने की कोशिश की।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित देवकी नंदन पांडेय अपने साथियों के साथ किसी निजी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान चिनहट क्षेत्र में एस्टर अस्पताल के सामने करीब 20-25 लोगों की भीड़ आपस में विवाद कर रही थी। आरोप है कि तभी दो व्यक्तियों ने अचानक उनकी गाड़ी के सामने आकर रास्ता रोक लिया।पीड़ित के मुताबिक, घटना देर रात करीब 12:20 बजे की है। जैसे ही उनकी गाड़ी रुकी, हमलावरों ने ईंट-पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। इस दौरान गाड़ी का पिछला शीशा तोड़ दिया गया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। बताया जा रहा है कि एक ईंट गाड़ी का शीशा तोडते हुए पीड़ित के सिर के पास से गुजरते और कार के अंदर जा गिरी, जिससे वह बाल-बाल बच गए।हमले में कार को काफी नुकसान पहुंचा है। और उनकी जान-माल को खतरा बना हुआ है।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में फ़ेयरवेल 2026 का आयोजन



❒ भावना यादव ने जीता मिस फ़ेयरवेल का खिताब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता** लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय में बी.कॉम विभाग के द्वारा फ़ेयरवेल 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्राचार्या डॉ. मंजुला उपाध्याय तथा सभी अध्यापकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जिनमें समूह नृत्य, अर्ध-शास्त्रीय नृत्य, एकल प्रस्तुतियाँ और मिक्स प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिससे कार्यक्रम अत्यंत आकर्षक और मनोरंजक बन गया। कार्यक्रम के दौरान पिक एंड परफॉर्म और पेपर डांस जैसे मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिससे सभी उपस्थित लोगों का उत्साह बढ़ा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मिस फ़ेयरवेल प्रतियोगिता रही, जिसमें तीन चरण रैम्प वॉक, प्रतिभा प्रदर्शन तथा प्रश्न-उत्तर दौर शामिल रहे। जिसमें मिस फ़ेयरवेल का खिताब भावना यादव ने जीता, तो वहीं प्रथम रनर-अप आयुषी चौरसिया व द्वितीय रनरअप महिमा रही। मिस क्यूटी का खिताब खुशी ने जीता, तो वहीं मिस ग्लैमरस में अनुष्का त्रिवेदी ने बाजी मारी।

# विकासनगर अग्निकांड पीड़ितों के लिए सेंट जोसेफ प्रबंधन आगे आया, बढ़ाया मदद का हाथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । हाल ही में विकास नगर क्षेत्र में हुई भीषण अग्निकांड की घटना से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए सेंट जोसेफ समूह के प्रबंधन ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए राहत सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इस अवसर पर सेंट जोसेफ प्रबंधन के सदस्यों ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें दैनिक उपयोग की वस्तुएं, खाद्य सामग्री, वस्त्र आदि प्रदान किए।

प्रबंधन ने इस कठिन समय में पीड़ितों के साथ खड़े रहने का आश्वासन भी दिया। सेंट जोसफ समूह की प्रबंध निदेशक नम्रता अग्रवाल ने कहा कि, ह्लऐसी आपदा के समय समाज के प्रत्येक वर्ग का कर्तव्य है कि वह जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए। अनिल अग्रवाल ने इस पहल पर कहा कि सेंट जोसेफ परिवार सदैव सेवा और सहयोग के मूल्यों



में विश्वास रखता है और आगे भी इस प्रकार के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाता रहेगा। इस पहल में विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और राहत कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेंट जोसेफ प्रबंधन की इस सराहनीय पहल ने समाज में सेवा, सहानुभूति एवं सहयोग की भावना को और सुदृढ़ किया। कॉलेज की प्रधानाचार्या अमिता सिंह, प्रशासनिक अधिकारी पल्लवी उपाध्याय व सोनल बिंद्रा, लेखाधिकारी समरीन शफी के साथ बच्चे भी इस कार्य में शामिल हुए।

# तेज रफ्तार इनोवा ने बुजुर्ग महिला को रौंदा, इलाज से पहले मौत

❒ बीकेटी क्षेत्र में हादसा, नाती गंभीर घायल; चालक वाहन समेत फरार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब,लखनऊ । बख्शी का तालाब क्षेत्र में गुरुवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। चंद्रिका देवी रोड पर सड़क किनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला को इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।हरधौरपुर गांव निवासी शिवशंकर यादव ने बताया कि उनकी 65 वर्षीय मां रामा सुबह करीब सात बजे घर के बाहर सड़क किनारे खड़ी थीं। इसी दौरान बीकेटी से कठवारा की ओर जा रही इनोवा कार यूपी 32 एनक्यू 9494 ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह कई फीट दूर जा गिरीं। पास खड़ी उनकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में रामा का नाती अमित यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजन घायल महिला को लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने थाना बख्शी का तालाब में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी के अनुसार, वाहन नंबर के आधार पर चालक की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाल निकुंज के मेधावियों का शानदार प्रदर्शन, जिले की टॉप-10 में बनाई जगह

लखनऊ । यूपी बोर्ड हाईस्कूल (दसवीं) एवं इंटरमीडिएट (बारहवीं) के घोषित परीक्षा परिणामों में बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेस के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के मेधावियों ने जिले की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। बाल निकुंज इंटर कॉलेज, मोहिबुल्लापुर शाखा की छात्रा दिव्या पाल ने हाईस्कूल में 95.50 प्रतिशत अंक हासिल कर लखनऊ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं यश वर्मा ने 94.83 प्रतिशत अंकों के साथ छठा, दिव्यांश तिवारी ने 94.33 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा वंशिका शर्मा और जानवी वर्मा (बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी, अलीगंज) ने 93.83 प्रतिशत अंकों के साथ नवां स्थान प्राप्त किया। वर्तिका श्रीवास्तव और शिवम श्रीवास्तव ने 93.67 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दसवां स्थान पाया। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आकांक्षा सिंह ने 89.90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान हासिल किया, जबकि आंशिक और विभा पाल ने 89.60 प्रतिशत अंक के साथ नवां स्थान प्राप्त किया।

## प्रखंड लोहिया नगर की हुई मासिक बैठक

लखनऊ । नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केंद्र में प्रखंड लोहिया नगर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा ने विकासनगर में हुई आकस्मिक अग्निकांड दुर्घटना में अदम्य साहस और कर्तव्य परायणता के साथ कार्य करने वाले वार्डे नों की जमकर तारीफ की, उनके द्वारा उक्त दुर्घटना में जनमानस की सहायता हेतु कार्य कर रहे घायल हुए ऋषि श्रीवास्तव पोस्ट वार्डन 3 को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। साथ ही अग्निकांड दुर्घटना के समय विशेष सहयोग करने वाले वरिष्ठ वार्डन अधिकारियों, वार्डनो डिप्टी चीफ वार्डन गुरप्रीत सिंह सेठी, प्रखंड की सहायक उप नियंत्रक रेखा पांडे, डिविजनल वार्डन लोहिया नगर सुनील तिवारी, हजरत गंज डिविजनल वार्डन आशीष कपूर, स्टाफ ऑफिसर टू डिवीजनल वार्डन कमलेश सिंह, घटना नियंत्रण अधिकारी शोएब जली, पोस्ट वार्डन आरक्षित सौरभ अग्रवाल, सेक्टर वार्डन आमिर अब्बास आदि को लक्ष्मण पुरस्कार 2026 से नवाजा गया।

# महापौर के अपमान के विरोध में भाजपा महिला कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन,कोतवाली में सौंपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । चिनहट क्षेत्र में गुरुवार शाम 7.30 बजे भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने लखनऊ की महापौर सुषमा खारवाल के कथित अपमान और धमकी दिए जाने की घटना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा महापौर के कार्यालय के बाहर लगे नेम प्लेट पर कालिख पोतने, छेड़छाड़ करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप है। साथ ही उनके नेम प्लेट पर चप्पल मारने की बात भी सामने आई है। इस घटना को लेकर क्षेत्र की भाजपा महिला कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।चिनहट प्रथम की पूर्व पार्षद स्नेह लता राय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता



एकत्रित हुईं। प्रदर्शन में संगीता तिवारी, आशा, गीता, मोहसिना बानो, किरण, ज्योति, बबली, खुशबू देवी, स्मृति रावत, हेमलता, सुशीला, शिव दुलारी और मीरा, सोनी निगम सहित कई महिलाएं शामिल रहीं।प्रदर्शन के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने चिनहट कोतवाली पहुंचकर इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल जनप्रतिनिधियों का अपमान हैं, बल्कि क्षेत्र में भय का माहौल भी पैदा करती हैं।महिला कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए बाध्य होंगी।

# मौत का सौदागर: मेडिकल स्टोर की आड़ में 'यमराज' बनकर बैठा था संचालक

**❒ गलत इलाज ने उजाड़ा पूरा परिवार**




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर, मछरेहटा। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो न्याय की उम्मीद किससे की जाए? मछरेहटा इलाके में एक मेडिकल स्टोर संचालक की हैवानियत और लापरवाही ने एक युवक को असमय मौत की नींद सुला दिया। मामला सिर्फ गलत दवा का नहीं, बल्कि 'लालता मेडिकल स्टोर' के संचालक द्वारा रची गई उस साजिश का है, जिसमें उसने एक मरीज को 12 दिनों तक धोखे में रखकर उसकी जिंदगी का सौदा किया।

### इलाज के नाम पर 'किडनी' से खिलवाड़!

पीड़ित पिता बालक राम आरोप लगाया है कि उनके बेटे सर्वेश कुमार को ठीक करने का झांसा देकर संचालक ने 4 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक उसे बंधकनुमा इलाज दिया।

### परिवार को रखा अंधेरे में

12 दिनों तक बेतहाशा ग्लूकोज चढ़ाकर युवक की हालत को इस कदर बिगाड़ दिया कि उसकी दोनों किडनियां फ़ेल हो गईं।

### हालत गंभीर होने पर हाथ खड़े किए

जब सर्वेश की हालत मौत के करीब पहुँच गई, तब इस कथित 'डॉक्टर' ने पल्ला झाड़ लिया। लखनऊ के अस्पताल में डॉक्टरों ने जब हकीकत बताई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### दो मासूम बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

इस जघन्य लापरवाही ने सिर्फ सर्वेश की जान नहीं ली, बल्कि उसकी पत्नी मीना और दो नन्हीं बेटियों–प्रीति और आरुषि–के भविष्य पर अंधेरा छा दिया है। इन मासूमों का क्या कसूर था कि एक लालची झोलाछाप की वजह से उनके पिता का साया हमेशा के लिए छिन गया?

### अब न्याय का इंतज़ार

20 अप्रैल 2026 को थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। सवाल यह है कि ऐसे 'मौत के सौदागर' खुलेआम मेडिकल स्टोर की आड़ में क्लीनिक कैसे चला रहे हैं? क्या प्रशासन ऐसे फर्जीवाड़े पर नकेल कसेगा या एक और सर्वेश की बलि का इंतज़ार करेगा। परिजनों की एक ही मांग है: आरोपी को सलाखों के पीछे भेजा जाए ताकि कोई और 'लालता' किसी के बुढ़ापे की लाठी न तोड़ सके।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से भीषण हादसा, 5 की मृत्यु, 22 घायल

**❒ डीएम-एसपी-सीएमओ पहुंचे जिला अस्पताल, घायलों का जाना हाल; हरसंभव मदद का आश्वासन**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी । तहसील निघासन क्षेत्र के थाना पढुआ के अंतर्गत गुरुवार को मुंडन कार्यक्रम में जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल ओयल में इलाज जारी है। वहीं एक गंभीर घायल को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया, जिसे एएलएस एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव कुमार निगम तत्काल स्थानीय तहसील प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल सीएचसी रमियाबेहड़ में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। इसके उपरांत सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ओयल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### डीएम-एसपी पहुंचे जिला चिकित्सालय, घायलों का लिया हालचाल

दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग एवं सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता जिला अस्पताल ओयल पहुंचे। अधिकारियों ने सीएमएस डॉ आरके कोली के साथ वार्ड में जाकर घायलों का हालचाल लिया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने चिकित्सकों से उपचार की विस्तृत जानकारी लेते हुए घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। हादसे में पांच लोगों की जान गई है, जबकि 22 लोग घायल हैं। प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। गंभीर घायल को तत्काल एएलएस एंबुलेंस के जरिए लखनऊ रेफर किया गया है तथा उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# मौत' का जनसेवा अस्पताल! डॉक्टर की लापरवाही ने ली जच्चा-बच्चा की जान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**❒ सरकारी डॉक्टर पर प्राइवेट अस्पताल में अवैध ऑपरेशन का आरोप; जच्चा-बच्चा की मौत के बाद अस्पताल संचालक स्टाफ समेत फरार**

लखीमपुर खीरी, बेहजम। उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य महकमे में उस वक्त हड़कंप मच गया जब थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम स्थित 'जनसेवा हॉस्पिटल' में डॉक्टरों की कथित लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला और उसके नवजात बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि महिला जिला अस्पताल में तैनात एक सरकारी डॉक्टर ने निजी स्वार्थ के लिए इस बिना पंजीकरण वाले अस्पताल में गलत ऑपरेशन किया, जिससे यह हादसा हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मुखरेहटा (थाना नीमगांव) निवासी दिनेश कुमार ने अपनी गर्भवती पत्नी प्रीति देवी को बीती रात लगभग 1:00 बजे जनसेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि:?आधी रात को हुआ ऑपरेशनः रात करीब 1:00 बजे ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई, जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।?सुबह जच्चा ने भी तोड़ा दमः बच्चे की मौत के बाद आज सुबह लगभग 7:00 बजे प्रसूता प्रीति देवी की भी हालत बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया।?जबरन दूसरे अस्पताल भेजने का प्रयासः हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए महिला को ओयल स्थित बी.आर.डी. मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल भेजने की कोशिश की, लेकिन वहां डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया। वापस जनसेवा हॉस्पिटल लाते समय महिला की मृत्यु हो गई।

### गंभीर आरोपः 1.45 लाख की वसूली और सरकारी डॉक्टर की संलिप्तता

पीड़ित पति दिनेश कुमार ने आरोप लगाया है कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर उनसे 1,45,000 रुपये की मोटी रकम वसूली। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि महिला का ऑपरेशन जिला महिला अस्पताल के सरकारी डॉक्टर अभिषेक साहू द्वारा किया गया था।?''एक सरकारी डॉक्टर प्राइवेट अस्पताल में जाकर ऑपरेशन कैसे कर सकता है? क्या स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें इसकी खुली छूट दे रखी है।

### पीड़ित परिजन का सवाल, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन पर सवालिया निशान

इस घटना ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोल कर रख दी है:?अवैध अस्पतालः सूत्रों के अनुसार, जनसेवा हॉस्पिटल बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था।फरार हुआ स्टाफः मौत की खबर फैलते ही अस्पताल संचालक राजेश कुमार पूरे स्टाफ के साथ ताला लगाकर फरार हो गया।?बाहरी डॉक्टरों का खेलः आरोप है कि संचालक खुद डॉक्टर न होकर बाहर से डॉक्टर बुलाकर ऑपरेशन करवाता था और बाद में खुद इलाज का नाटक करता था।

### मौके पर भारी आक्रोश, पुलिस बल तैनात

जच्चा-बच्चा की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल के बाहर ग्रामीणों और परिजनों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों का आक्रोश देख मौके पर नीमगांव थाना प्रभारी प्रवीण गौतम और बेहजम चौकी इंचार्ज संदीप यादव भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और आक्रोशित परिजनों को शांत कराने का प्रयास किया जा रहा है। अब देखना यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग इन 'झोलाछाप' केंद्रों और नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले सरकारी डॉक्टरों पर कोई कठोर कार्रवाई करता है, या फिर जांच के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा?

# डीएम का महोली ब्लॉक पर औचक निरीक्षण खामियों पर जताई कड़ी नाराजगी

**❒ मनरेगा, पंचायत व निर्माण कार्यों की फाइलों में मिली त्रुटियां, जिम्मेदारों को फटकार व सुधार के निर्देश**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी महोली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायत एवं मनरेगा में चल रहे कार्यों की पत्रावलियों का अवलोकन किया।

ग्रांट 1, 2 एवं 3 के रजिस्टर का गहनतापूर्वक अवलोकन करते हुये रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश दिये। क्षेत्र पंचायत के बारे में एवं अन्नपूर्णा भवन, सी0एच0सी0, आरोग्य मंदिर, पी0एच0सी0 में चल रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुये कार्यों में तेजी लाते हुये कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिये। खण्ड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी को निर्देशित किया कि जो भी कार्य चल रहे हैं, उन्हें स्वयं जाकर देखें तथा खण्ड विकास अधिकारी से वार्ता करते हुये ओपेन जिम एवं चौराहों के कार्यों की तैयारियों को लेकर क्या चल रहा है, की भी जानकारी ली।

निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि फोटोग्राफ एवं निरीक्षण आख्या अद्यतन रखें। रेण्डम इंटरलाकिंग पत्रावली का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने पर खण्ड विकास अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की। ग्राम विकास अधिकारी की सेवापुस्तिका एवं अवकाश पंजिका का अवलोकन करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। खण्ड विकास अधिकारी से आई0जी0आर0एस0 पोर्टल की जानकारी लेते हुये खण्ड विकास अधिकारी का जनसुनवाई रजिस्टर भी देखा एवं शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक लिया। मनरेगा पटल पहुंचकर मटेरियल रजिस्टर का अवलोकन किया। चकमार्ग पटाई के पत्रावली का अवलोकन करने पर त्रुटियां पाये जाने पर पटल बाबू को फटकार लगायी। एफ0टी0ओ0 रजिस्टर का अवलोकन भी अवलोकन किया व खण्ड विकास अधिकारी की निरीक्षण आख्या न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।

एन0आर0एल0एम0 पटल पहुंचकर स्वयं सहायता समूहों के बारे में जानकारी लेते हुये स्वयं सहायता समूह की महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। ज्योति समूह से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की, जिसमें कार्य का सही फीडबैक न दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। ए0डी0ओ0 पंचायत कक्ष पहुंचकर मास्टर रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर अद्यतन होने पर ए0डी0ओ0 पंचायत पर नाराजगी व्यक्त की और साथ ही आर0आर0सी0, पंचायत भवन एवं पत्रावलियों के सही ढंग से रख-रखाव न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये ए0डी0ओ0 पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

# फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही बरतने वाले 09 जनसेवा केन्द्रों की आईडी सस्पेंड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री कराना सभी किसानों के लिए जरूरी है, इसके बिना पीएम किसान सम्मान निधि और सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की बिक्री नहीं होगी। शासन के आदेश पर पंचायत भवनों में फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प लगाए जा रहे हैं। कैम्प में लेखपाल, पंचायत सहायक, जनसेवा केंद्र और कृषि विभाग के कर्मचारी बैठ रहे हैं तथा उनके सहयोग के लिए ग्राम प्रधान और कोटेदार को भी निर्देशित किया गया है। शासन के निर्देशनुसार जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य 30 अप्रैल तक किया जाना है। इसी क्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार ने सीएससी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ सीएससी द्वारा कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है। जिस पर एडीएम ने लापरवाही बरतने वाले 09 जनसेवा केन्द्रों की सीएसडी आईडी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश जिला प्रबंधक सीएससी को दिए। निलंबित सीएससी आईडी में अखिलेश कुमार जनसेवा केंद्र, पीरगंज, अल्लाहगंज, तस्लीम जनसेवा केंद्र, अल्लाहगंज, राहुल जनसेवा केंद्र, ठीकरी, राहुल जनसेवा केंद्र, कुटरा, रमेश चन्द्र जनसेवा केंद्र, सीसोरी, आंशू आधार संशोधन जनसेवा केंद्र, जेवां रोड लखपेड़ा, पुवायां, बालाजी जनसेवा केंद्र, निगोही रोड पुवायां, प्रमोद जनसेवा केंद्र, काशीराम नगर, पुवायां और राजीव कुमार जनसेवा केंद्र, ग्राम मिलकीय, निगोही, तिलहर शामिल हैं। एडीएम ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित केंद्र संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कटरा नगर पंचायत उपचुनाव के सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। कटरा नगर पंचायत उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. भरत पटेल के चुनाव कार्यालय का सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने पार्टी के नेताओं व पदाधिकारियों के साथ कटरा की मुख्य बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों और आमजनता से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. भरत पटेल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, उद्घाटन से पूर्व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर भरत पटेल और कटरा के पूर्व चेयरमैन सुकेश गुप्ता आदि ने सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सभा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल को फूलमाला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हरिशंकर गुरुजी, लालबाबू, ज्ञानवीर यादव, अनीस मंसूरी, समीर गुप्ता, सिद्दीक खान, बृजेश गंगवार, मिथिलेश गंगवार, उर्मिला वर्मा, अजीम मंसूरी, नाजिम अंसारी, सुरेंद्र मास्टर, आरिफ खान, अमन खान, विपिन यादव, धर्मेंद्र यादव, विनीत यादव, प्रभात गुप्ता आदि कई लोग मौजूद रहे।

### कंपोजिट यूपीएस उत्तरथोक विद्यालय की शिक्षिका रेणु बड़थवाल लखनऊ में सम्मानित




**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा के क्षेत्र में विकास खंड मछरेहटा का मान बढ़ाते हुए कंपोजिट यूपीएस उत्तरथोक की शिक्षिका श्रीमती रेणु बड़थवाल को राज्य स्तर पर 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।गख्रख्रट्ट परीक्षा में शानदार प्रदर्शनदरअसल, लखनऊ में प्रदेश स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में जिन विद्यालयों के 5 या उससे अधिक छात्र उत्तीर्ण हुए, उन विद्यालयों के शिक्षकों को इस विशेष सम्मान के लिए चुना गया था।सीतापुर के टॉप-10 स्कूलों में शामिलजनपद सीतापुर से कुल 10 विद्यालयों का चयन इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए किया गया, जिसमें विकास खंड मछरेहटा का कंपोजिट यूपीएस उत्तरथोक अग्रणी रहा। शिक्षिका श्रीमती रेणु बड़थवाल के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कठिन परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### पलिया के स्कूलों को हाईटेक बनाने की उठी मांग, भाजपा नेता रवि गुप्ता ने बीएसए से की मुलाकात

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पलिया विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के उद्देश्य से भाजपा नेता रवि गुप्ता ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की शैक्षणिक समस्याओं और सुधार कार्यों को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। **प्रमुख मांगें और चर्चा–** मुलाकात के दौरान भाजपा नेता रवि गुप्ता ने पलिया विधानसभा के विकास पर जोर देते हुए निम्नलिखित बिंदुओं को प्रमुखता से रखा:?हाईटेक होंगे स्कूल: पलिया विधानसभा के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास और आधुनिक संसाधनों से जोड़कर 'हाईटेक' बनाया जाए।?ग्राम पंचायतों में सुधार: प्रत्येक ग्राम पंचायत के स्कूल में बुनियादी ढांचा, साफ-सफाई और बैठने की व्यवस्था को बेहतरीन किया जाए। गुणवत्तापूर्ण खान-पान: स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मिड-डे मील की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता न हो।?शिक्षा का स्तर: रवि गुप्ता ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि पलिया क्षेत्र के बच्चे शिक्षा के मामले में पूरे जनपद में अव्वल आएं और क्षेत्र का नाम रोशन करें।?उट्टइ ने दिया आश्वासन?जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने भाजपा नेता की मांगों को गंभीरता से सुना और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े बच्चे तक पहुंचे। जनता के प्रति प्रतिबद्धता मुलाकात के अंत में रवि गुप्ता ने बीएसए को गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा:''पलिया विधानसभा का प्रत्येक निवासी मेरे परिवार की तरह है। शिक्षा बच्चों का भविष्य है, और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मैं सदैव तत्पर हूँ।'

### बर्थ-डे पार्टी के बाद वाहनों से स्टंट, तीन आरोपी गिरफ्तार, कार सीज

शाहजहांपुर। थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने एक ढाबे पर बर्थ-डे पार्टी के बाद हरदोई रोड पर चार पहिया वाहनों से स्टंट किए जाने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक कार भी सीज की है। स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।मंगलवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला वर्कजई निवासी हिस्ट्रीशीटर आकिल का जन्मदिन था। रात को उसने अपने दोस्तों के साथ सेहरामऊ दक्षिणी में एक ढाबे पर जन्मदिन मनाया। पार्टी करने के बाद हाईवे पर स्टंट करते समय किसी ने उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर आकिल के साथी थाना सदर बाजार के मोहल्ला मदारा खेल निवासी मोनिस, कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मानूजई निवासी मुजाहिद अली, मोहल्ला वर्कजई निवासी यमन खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मोनिस, मुजाहिद और यमन को गिरफ्तार किया और मुजाहिद अली की कार को सीज किया। पुलिस हिस्ट्रीशीटर आकिल और उसके दो अज्ञात साथियों की तलाश में जुटी है।

# खैराबाद ब्लॉक में भ्रष्टाचार का 'महाविस्फोट' वीडियो वायरल

**❒ वायरल वीडियो में पीड़ित ने वीडीओ और रविन्द्र को रिश्वत देने का लगाया आरोप**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जहां भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' का हंटर चलाने का दावा कर रही है, वहीं जनपद के विकासखंड खैराबाद से आए एक सनसनीखेज वीडियो ने पूरे प्रशासनिक अमले की चूलें हिला दी हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में एक व्यक्ति ने सीधा आरोप लगाया है कि काम पूरा होने के बावजूद भुगतान के नाम पर उससे मोटी रकम डकारी गई है।

### वीडियो में रिश्वत का 'रेट कार्ड' : किस्तों में बंटी ईमानदारी

वायरल वीडियो में व्यक्ति का दर्द और बेबसी किसी का भी कलेजा चीर सकती है। कैमरे के सामने सुबकते हुए पीड़ित ने भ्रष्टाचार के उस 'कमीशन मॉडल' को बेनकाब किया है जो फाइलों के नीचे दबा रहता है। व्यक्ति ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि साहब तक पहुंच रही रिश्वतः पीड़ित का दावा है कि उसने सीधे 'वीडियो और रविन्द्र को रूपये दिये है, रविन्द्र जो ब्लॉक में प्राइवेट ऑपरेटर और वसूली एजेंट की भूमिका में बताया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसके दो कार्यों का भुगतान नही किया गया है।

### भ्रष्टाचार की 'आउटसोर्सिंग' आखिर कौन है ये रविन्द्र

मछरेहटा निवासी मनरेगा में रजिस्टर्ड फर्म संचालक कुलदीप सिंह का आरोप है कि खैराबाद ब्लॉक में भ्रष्टाचार का 'निजीकरण' कर दिया गया है। सरकारी दफ्तर में 'रविन्द्र' जैसे प्राइवेट ऑपरेटरों का क्या काम? आरोप है कि इन्हें पोर्टल और फाइलों की चाबी इसलिए दी गई है ताकि ये अधिकारियों के लिए 'फ्रंटमैन' बनकर वसूली कर सकें।

### डिजिटल घेराबंदी

जब तक कमीशन की रकम नहीं पहुंचती, तब तक मनरेगा पोर्टल पर बिलों की फीडिंग रोक दी जाती है। यह सीधे तौर पर सरकारी योजना को बंधक बनाने जैसा है।

### आंगनबाड़ी, अन्नपूर्णा भवन निर्माण में भी 'लूट' का खेल

फर्म संचालक ने पूरी गुणवत्ता के साथ आंगनबाड़ी केंद्र और अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया, लेकिन अब अपना ही जायज पैसा वापस पाने के लिए उसे सड़कों पर रोना पड़ रहा है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने और पैसे देने से मना किया, तो उसे धमकी दी गई– ''जहाँ जाना है जाओ, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे, भुगतान तभी होगा जब हिस्सा पूरा मिलेगा।''


### सीएजी और टीए सी जांच की मांग: क्या खुलेगा 'सिंडिकेट'?

मामला अब केवल एक भुगतान का नहीं, बल्कि पूरे ब्लॉक के संगठित भ्रष्टाचार का है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री और आयुक्त ग्राम्य विकास से मांग की है कि: फॉरेंसिक ऑडिट: सीएजी और टीएसी की संयुक्त टीम खैराबाद ब्लॉक में पिछले वर्षों में हुए सभी भुगतानों का 'पोस्टमार्टम' करे।

### प्रशासनिक चुनौती: क्या रक्षक ही भक्षक हैं?

वीडियो वायरल होने और नामजद आरोपों के बाद भी जिला प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या एक अदना सा प्राइवेट ऑपरेटर बिना अधिकारियों की शह के लाखों की डील कर सकता है अगर एक फर्म संचालक को अपना हक पाने के लिए कमीशन देना पड़े तो खैराबाद ब्लॉक की साख मलबे में मिल चुकी है। अब देखना है कि 'भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश' का दावा करने वाली सरकार इन 'कमीशनखोरों' पर कब और कैसा एक्शन लेती है।'' कैनविज टाइम्स समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है, यह रिपोर्ट पूरी तरह से पीड़ित द्वारा लगाए गए आरोपों और वायरल दावों पर आधारित है।

### नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य, वीडियो वायरल करने की धमकी, दो बाल अपचारी गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना खुदागंज पुलिस ने नाबालिग से अप्राकृतिक कृत्य कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है।22 अप्रैल को थाना खुदागंज क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके नाबालिग भाई के साथ दो नाबालिगों ने अप्राकृतिक कृत्य किया। उसका वीडियो बनाया। घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों बाल अपचारियों के खिलाफ अपहरण और पाक्सो एक्ट आदि संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों की तलाश शुरू की। बृहस्पतिवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमलापुर पुलिया मंदिर के पास चिरचिरा जाने वाले रोड से दोनों आरोपी बाल अपचारियों को पकड़ लिया। थाना खुदागंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों बाल अपचारियों को नियमानुसार शिशु गृह में रखा गया है। किशोर न्याय अधिनियम के तहत आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभिरक्षा मे लेने वाली पुलिस टीम में थाना खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह के साथ उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह और शिवमोहन आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर इनरोलमेंट भर्ती परीक्षा-2025 को लेकर डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

❒ निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि परीक्षार्थियों को केंद्र पर पीने के पानी, साफ-सफाई जैसी अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान रखा जाये जिससे परीक्षार्थियों को कोई समस्या न हो

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



संभल, बहजोई । उत्तर प्रदेश होमगार्ड के पदों पर इनरोलमेंट भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण कर व्यवस्थों का जायजा लिया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्डस के पदों पर इनरोलमेंट-2025 की प्रस्तावित लिखित परीक्षा जो दिनांकः 25, 26 व 27 अप्रैल 2026 को आयोजित की जानी है। परीक्षा को निष्पक्ष, शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के द्वारा आज परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय सम्भल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर परीक्षा कक्षों को देखा उन्होंने कहा कि विद्यालय की साफ सफाई प्राथमिकता पर की जाए और कक्षों में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रहे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र पर विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था रहे और उन्होंने कहा कि इंटरनेट की भी व्यवस्था रहे उसको विशेष कर देख ले। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी इत्यादि की अनुमति नहीं होगी इसको प्रत्येक दशा में ध्यान में रखें जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा होने से पूर्व स्कूल की साफ सफाई को करा लिया जाए इसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया ।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर आवागमन को लेकर भी निर्देशित किया स्ट्रांग रूम एवं सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था को प्राथमिकता पर देखा और संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी संभल निधि पटेल सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेग को लेकर बरात में बवाल, कार से आए किन्नरों ने की फायरिंग, दूल्हे का भतीजा घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। बुधवार सुबह हुसैनपुर करौतियां गांव में शादी समारोह के दौरान शुरू हुए नेग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि किन्नरों ने 60 हजार रुपये लूटे और फायरिंग की, जिसमें दूल्हे का भतीजा ) घायल हो गया। दूल्हा पक्ष ने 1100 रुपये नेग दिया था, जबकि किन्नरों ने 11 हजार रुपये मांगे थे। आपको बता दें कि कुंवरगांव क्षेत्र के गांव हुसैनपुर करौतियां में बृहस्पतिवार को एक शादी समारोह में नेग को लेकर बवाल हो गया। किन्नरों और दूल्हा पक्ष के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग तक पहुंच गई। घटना में दूल्हे का भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने छह किन्नरों को हिरासत में लेकर जांच के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की है। गांव हुसैनपुर करौतियां में मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव कथरा खगेई से नेमचंद्र शाक्य के पुत्र नरेंद्र शाक्य बरात लेकर आए थे। बृहस्पतिवार सुबह फ़ेरों से पहले बोलेरो गाड़ी से सात किन्नर नेग लेने पहुंचे। दूल्हा पक्ष की ओर से 1100 रुपये नेग दिया जा रहा था, लेकिन किन्नरों ने 11 हजार रुपये की मांग कर दी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। लड़की पक्ष के फूल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान किन्नरों ने कपड़े उतारकर हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच किन्नरों ने दूल्हे के पिता नेमचंद्र के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया, जिसमें करीब 60 हजार रुपये रखे थे। दूल्हे आरोप है कि किन्नरों ने बोलेरो गाड़ी से तमंचे निकालकर तीन हवाई फायर किए, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। हंगामे के दौरान दूल्हे के भतीजे राहुल (21) पुत्र योगेंद्र के सिर में ईंट लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके से छह किन्नरों रोहित, खुशी, अयान, राधा, विनीता और जस्सी को पकड़ लिया और उनको गाड़ी समेत पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से तमंचे, कारतूस डंडे व कैंची बरामद की है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा की समीक्षा बैठक संपन्न

❒ आरटीई के अंतर्गत चिन्हित बच्चों को 07 दिवस में अनिवार्य रूप से प्रवेश दिलाने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




संभल। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण और मध्याह्न भोजन समिति से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आरटीई के अन्तर्गत ऐसे बच्चे, जिनका लॉटरी में नाम आ चुका है, उनका प्रवेश आवंटित विद्यालय में अनिवार्य रूप से कराया जाये।

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे, जो अभी प्रवेश से वंचित हैं, उनका प्रवेश विद्यालयों में कराए जाने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्तर से खण्ड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में 02-02 सदस्य की 06 टीम गठित की जाएगी, जो व्यक्तिगत रुप से प्रवेश से वंचित बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल के प्रबन्धन से वार्ता कर प्रवेश कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। जो बच्चे प्रवेश से वंचित हैं, उनका प्रवेश आवंटित किए गये विद्यालयों में 07 दिवस के अन्दर अनिवार्य रुप से करा लिया जाये। नगर क्षेत्र/नगर पंचायतों के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर भोजन बनवाने की व्यवस्था समय से पूर्ण करा ली जाये। निपुण भारत ऐप पर बच्चों को प्रेक्टिस करायी जाये और देखा जाये कि बच्चे ऐप के उत्तर कर पा रहे हैं या नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कुल कार्यरत 35 एआरपी का रोस्टर बनाया जाये तथा रोस्टर के अनुसार ही विद्यालय में एसेसमेंट का कार्य किया जाये। एसेसमेंट का कार्य निर्धारित 02 घंटे से पूर्व किसी भी दशा में पूर्ण नहीं होना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि ऐसे विद्यालय जहां अभी फर्नीचर उपलब्ध नहीं है, उन विद्यालयों की सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को कुल डेस्क बैंच की आवश्यकताओं सहित अवगत करा दें, जिससे ग्राम पंचायत के सहयोग से फर्नीचर विद्यालय को उपलब्ध कराया जा सके। जिला पंचायत राज अधिकारी ऐसे विद्यालय जहां पर्याप्त स्थान उपलब्ध है वहां बच्चों के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग से एमडीएम शैड बनाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से बेटियों का सशक्तिकरण, हजारों लाभार्थियों को मिला लाभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जनपद में बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जन्म से लेकर शिक्षा के विभिन्न चरणों तक बालिकाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनपद में अप्रैल 2017 से दिसंबर 2025 तक जनपद में कुल 28,417 बालिकाओं को योजना का लाभ प्रदान किया गया है। इस अवधि में लगभग 654.62 लाख रूपये की धनराशि लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरित की गई है। यह योजना बालिकाओं के जन्म, टीकाकरण, विद्यालय में प्रवेश, उच्च शिक्षा आदि विभिन्न चरणों पर आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराती है, जिससे परिवारों को बेटियों की शिक्षा एवं पालन-पोषण में सहायता मिलती है। योजना के क्रियान्वयन से न केवल बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित हुई है। आर्थिक सहायता मिलने से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को विशेष राहत प्राप्त हो रही है, जिससे वे अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध करा पा रहे हैं।जिला प्रशासन द्वारा योजना के प्रभावी संचालन हेतु नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी योजना से जुड़ सकें। साथ ही, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करना, उनके स्वास्थ्य एवं शिक्षा को सुदृढ़ करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जनपद में योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और भविष्य में भी इसका लाभ अधिक से अधिक बालिकाओं तक पहुंचाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## मृत कुत्ते को कार से घसीटने वाला आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर मृत कुत्ते को कार से बांधकर घसीटने का वीडियो वायरल होने के बाद सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी सुरेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी को उसकी स्विफ्ट डिजायर कार सहित पकड़ा गया। घटना का वीडियो 21 अप्रैल को सोशल मीडिया एक्स पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में एक सफ़ेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 92 एएच 0920) का चालक क्रूरतापूर्वक एक मृत कुत्ते को रस्सी से बांधकर ले जाता दिख रहा था। कार पर जिला क्षय रोग अधिकारी लिखा था। इसमें उपनिरीक्षक प्रतीक चौधरी की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया। कोतवाल सिविल लाइंस हरेंद्र सिंह ने बताया आरोपी सुरेश कुमार पुत्र सोभरन सिंह निवासी मानपुर कुलचौरा को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

## 24 अप्रैल से 8 मई के मध्य कार्ड धारकों को होगा निशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश के अनुसार अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह मई 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 24 अप्रैल से 08 मई 2026 के मध्य कराया जाना है। उक्त अवधि में उचितदर की दुकान से वितरण का कार्य प्रातः काल 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 21 कि0ग्रा0 गेहूँ, 14 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल निःशुल्क वितरित किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अर्न्तगत पात्र गृहस्थी परिहारों को 03 कि0ग्रा0 गेहूँ, 02 कि0ग्रा0 फोर्टिफाईड चावल (कुल 5.0 कि0ग्रा0 खाद्यान्न) प्रति व्यक्ति निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

## परिचालन विभाग ने 49 रनों से जीता पहला सेमीफाइनल मैच



**वाराणसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश में एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज का पहला और प्रतियोगिता का चौथा क्वार्टर फाइनल प्रशासन और विद्युत सामान के बीच खेला गया और दूसरा मैच 14 बजे से प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन एवं यांत्रिक विभाग के बीच खेला गया । पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन विभाग ने 49 रनों से जीतकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया जबकि विद्युत विभाग ने 09 विकेट से जीत हासिल कर दूसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई ।पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल क्रीडा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन ट्ट-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन और यांत्रिक विभाग के बीच खेला गया। परिचालन विभाग ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 216 रन बनाए। परिचालन विभाग की तरफ से अनुराग फिलिप्स में 27 बॉल पर छह चौके और पांच छक्के की मदद से 61 रन, आशीष सिंह ने 20 बाल पर तीन और पांच छक्के की मदद से 45 रन, गौरव कुमार ने 28 बॉल पर तीन चौके और दो छक्के की मदद से 36 रन बनाए इसके अतिरिक्त गजानन ने 20 और मनीष तथा अरविंद ने 11-11 रन बनाए। यांत्रिक विभाग की तरफ से प्रशांत ने चार ओवर में 35 रन देकर तीन विकेट ऋषभ ने चार ओवर में 47 रन देकर दो विकेट लिए विशाल रोहित और सुजीत को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यांत्रिक विभाग की पूरी टीम 17 ओवर में 167 रन पर आउट हो गई परिचालन विभाग ने 49 रन से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। यांत्रिक की तरफ से प्रशांत श्रीवास्तव ने 29 बाल पर चार चौके और चार छक्के की मदद से 55 रन कृष कुमार ने 15 बाल पर चार चौकी की मदद से 20 रन रोहित ने 13 बॉल पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाए इसके अतिरिक्त ऋषभ ने 17 और नीतीश ने 13 रन बनाए। परिचालन विभाग की तरफ से विमलेश ने चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट गजानन ने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट और मनीष ने चार ओवर में 38 रन देकर दो विकेट लिए।

# भीषण अग्निकांड से 66 घर राख, 115 परिवार प्रभावित

❒ डीएम- विधायक पहुंचे गांव, पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री; हरसंभव मदद का भरोसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर । गोला गोकर्णनाथ तहसील के ब्लॉक बिजुआ स्थित ग्राम अमरपुर मजरा गोगांवा में गत दिवस भीषण अग्निकांड ने तबाही मचा दी। आग की चपेट में आकर 66 घर जलकर राख हो गए, जिससे 115 परिवार बुरी तरह प्रभावित हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया।*डीएम- विधायक पहुंचे मौके पर, पीड़ितों का जाना हाल*घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और विधायक अमन गिरी मौके पर पहुंचे। दोनों ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान पीड़ितों को तत्काल खाद्यान्न सामग्री भी वितरित की गई।*प्रशासन सख्त, राहत कार्य तेज करने के निर्देश*डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि मा. मुख्यमंत्री की मंशानुरूप कोई भी प्रभावित परिवार शासन द्वारा अनुमन्य सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा शासन-प्रशासन आपके साथ खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।*मौके पर जुटी रही प्रशासनिक टीम*इस दौरान ब्लॉक प्रमुख बिजुआ, एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीम चंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे और राहत कार्यों में जुटे रहे।

# ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफ़ेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने बछरावां विधायक को सौपा ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफ़ेयर एसोसिएशन यूपी के सदस्यों ने बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती को एक ज्ञापन सौंपा।इसमें मनरेगा ग्राम रोजगार सेवकों ने पिछले नौ माह से मानदेयका भुगतान न होने पर अपनी विभिन्न मांगों को उठाया।ज्ञापन में बताया गया कि रायबरेली के मनरेगा ग्रामरोजगार सेवक पिछले20वर्षों से ग्राम पंचायतों मेंअल्प मानदेय पर कार्यरत हैंवे पूरी निष्ठा औरईमानदारी से सरकार की योजनाओं को आम जनतातक पहुंचाने का कार्य करते हैं।हालांकि,पिछले लगभग नौ माह से उन्हें मानदेय का भुगतान नहींहुआ है,जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंतदयनीय हो गई है।रोजगार सेवकों ने बताया कि मानदेय न मिलने केकारण उन्हें अपने बच्चों की पढ़ाई,विवाह,परिवार के सदस्यों के इलाज में लगातार संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद उन पर शासन द्वारा लगातार कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है।मनरेगा योजना के कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ करने के लिए स्मार्टफोन और डेटा रिचार्ज की आवश्यकता होती है,जिनकी अनुपलब्धता के कारण वर्तमान में कार्य प्रभावित हो रहा है।एसोसिएशन ने विधायक से निम्नलिखित निवेदन किए हैं।

# हातिम सराय नगरीय पीएचसी को राष्ट्रीय स्तर पर एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ हासिल किए 89.57%, मुरादाबाद मंडल में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला यूपीएचसी बना, पिछले साल तक एक भी केंद्र नहीं था प्रमाणित

❒ संसाधनों की कमी के बावजूद 195 दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता, इमरजेंसी सेवा और डिजिटल रिकॉर्ड ने बढ़ाई मरीजों की संख्या

संभल । जिले के स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मुरादाबाद मंडल में इतिहास रच दिया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) द्वारा किए गए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) मूल्यांकन में संभल के 'आम-यूपीएचसी हातिम सराय' ने 89.57% अंकों के साथ नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन हासिल किया है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर के अनुसार, 12 से 13 फरवरी 2026 को हुए इस कड़े राष्ट्रीय मूल्यांकन में केंद्र ने 12 अलग-अलग पैमानों (थिमैटिक एरिया) पर खुद को उत्कृष्ट साबित किया है। इंटरनल, स्टेट और नेशनल स्तर की तीन स्तरीय जांच से गुजरने के बाद यह उपलब्धि मिली है। खास बात यह है कि पिछले साल तक पूरे मंडल में कोई भी नगरीय पीएचसी एनक्यूएएस प्रमाणित नहीं था। इंफ़ेक्शन कंट्रोल में 97.53% और मरीजों के अधिकारों (पेशेंट राइट्स) के मामले में 94.62% अंकों के साथ इस पीएचसी ने साबित कर दिया है कि बेहतर विजन और प्रशासनिक तालमेल से सरकारी अस्पतालों की तस्वीर बदली जा सकती है।

## कायाकल्प और सुविधाओं में विस्तार

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रंग-रोगन और मरम्मत करवाकर पूरी तरह से कायाकल्प किया गया है। फर्श की मरम्मत से लेकर पुताई तक के कामों ने अस्पताल को साफ-सुथरा और मरीजों के बेहद अनुकूल बना दिया है। पहले जहां केवल सामान्य ओपीडी चलती थी, वहीं अब अस्पताल में आपातकालीन (इमरजेंसी) और ड्रेसिंग रूम जैसी नई सुविधाएं जोड़ दी गई हैं। बिजली और पानी की व्यवस्था को भी पूरी तरह से दुरुस्त किया गया है।

## दवाओं का संकट खत्म, बढ़ा मरीजों का भरोसा

एक समय था जब इस पीएचसी में 195 जरूरी दवाओं के सापेक्ष महज 100 दवाइयां ही उपलब्ध रह पाती थीं, लेकिन अब यहां मरीजों के लिए पूरी 195 दवाइयां मौजूद हैं। दवाओं की भरपूर मात्रा, गुणवत्तापूर्ण इलाज और आईपीडी (ऋप्क) सेवाओं के चलते मरीजों का भरोसा बढ़ा है। इसका सीधा असर ओपीडी पर दिखा है। पहले जहां रोजाना 70-80 मरीज आते थे, वहीं अब यह संख्या 100 को पार कर गई है। मरीजों की संतुष्टि जानने के लिए प्रतिदिन शिकायत एवं सुझाव पेटिका के जरिए फीडबैक भी लिया जा रहा है।

## डिजिटल हुई व्यवस्था, जल्द शुरू होगी प्रसव सुविधा

अस्पताल की कार्यप्रणाली को पूरी तरह से आधुनिक और पारदर्शी बनाया गया है। ABDM NextGen पोर्टल, यू-विन (U-WIN) पोर्टल और ई-कवच के माध्यम से मरीजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से लेकर इलाज की सूची तक सब कुछ डिजिटल माध्यम में अपडेट किया जा रहा है। आशा और एएनएम की मॉनिटरिंग सुधरने से क्षेत्र में टीकाकरण का ड्रॉपआउट रेट काफी कम हो गया है। इसके अलावा, संचारी और गैर-संचारी रोगों की मॉनिटरिंग तेज कर दी गई है और जल्द ही इस केंद्र पर सुरक्षित प्रसव (डिलीवरी) की सुविधा भी शुरू होने जा रही है।

## डीएम ने किया मार्गदर्शन, अब मिलेगा विशेष फंड

जनपद में संसाधनों की कमी, समय सीमा और शुरुआत में उचित प्रशिक्षण के अभाव जैसी कई बड़ी चुनौतियां थीं। लेकिन जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग ने इस राह को आसान बनाया। डीएम ने न केवल बिल्डिंग मरम्मत के लिए समय-सीमा तय की बल्कि जिला स्वास्थ्य समिति और अंतर-विभागीय बैठकों के जरिए ईओ (EO) से समन्वय स्थापित कर इंफ्रास्ट्रक्चर के काम को गति दी। डॉक्टर और स्टाफ को संक्रमण नियंत्रण का विशेष प्रशिक्षण दिया गया, जिसका नतीजा इस शानदार राष्ट्रीय रैंकिंग के रूप में सामने आया। अब एनक्यूएएस क्वालीफाई होने के बाद केंद्र को विशेष फंड भी मिलेगा, जिससे इन नई सुविधाओं को कायम रखने में मदद मिलेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत गनहरी विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी**

पत्रांकः 01/ग्रा.पं./निविदा/2026-27 दिनांकः 23-04-2026

**निविदा आपूर्ति**

ग्राम पंचायत गनहरी विकास खंड त्रिवेदीगंज में राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/मनरेगा/बी.बी.जी.रामजी/मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि/एस.एल.डब्ल्यू.एम./ओ.एस.आर. (स्वयं की आय से प्राप्त राशि) अंत्येष्टि स्थल निर्माण/ आई.सी.डी.एस. व शासन द्वारा चलाई जा रही अन्य मदों से स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु जैसे—आंगनवाड़ी केंद्र, शौचालय निर्माण, कायाकल्प योजना, ओपन जिम, ह्यूम पाईप, पुस्तकालय स्थापना, खेल का मैदान, विज्ञान भवन सेन्टा, अन्नपूर्णा भवन, स्मार्ट कलासेज, आफिस स्थापना, हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर, इण्टरलॉकिंग कार्य, सीसी रोड, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटटी भराई, जल निकासी मार्ग व मिट्टी पटाई कार्य, आर.आर.सी. केंद्र, नाली निर्माण, सामुदायिक शौचालय सफाई सामग्री, सोकपिट निर्माण, घूर गड्ढा निर्माण, आफिस स्टेशनरी व फर्नीचर इत्यादि कार्यों हेतु निर्माण सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़ ईंट, ईंट गिट्टी, सीमेंट, मोरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग सामग्री दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इण्टरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झोला क्रय, टाईल्स, पुट्टी, व्हाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, ह्यूम पाइप, कुर्सी, मेज, कम्प्यूटर एसेसिरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, लाइट, हैण्डपम्प सामग्री, रिक्शा ट्राली, बैट्री, पैनल, सीसीटीवी कैमरा, व एसेसिरीज इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय सत्र 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 27/04/26 से 05/05/26 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वांछित प्रपत्र के साथ बंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 06/05/26 को कमेटी द्वारा 2:30 बजे अपरान्ह में खोली जाएगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। जिसका निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

नियम व शर्तें:

1. आपूर्तिकर्ता का फर्म जीसीटी पंजीकृत होनी चाहिए, जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। सरकार द्वारा चलाए गए जेम पोर्टल पर पंजीकृत फर्म को वरियता दी जाएगी। न्यूनतम तीन फर्मों द्वारा आवेदन आवश्यक है। 2. प्रत्येक कार्य की निविदा अलग-अलग देय होगी। 3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु आपूर्ति आदेश जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 4. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। भुगतान कार्य का मापांकन होने के बाद उपलब्ध धनराशि के अनुसार किया जाएगा। 5. शासन द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में फर्म का भुगतान जी.एस.टी. व टी.डी.सी. कटौती के उपरांत फर्म के खाते में पी.एफ.एम.एस. द्वारा किया जा सकता है। 6. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपर्युक्त फर्म किसी प्रधान, ब्लाक प्रमुख या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधियों उनके रिश्तेदारों से संबंधित नहीं है। अधिक जानकारी हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय के आदेश पत्र संख्या 137/387-2022-63 नरेगा/2009 दिनांक 21 मार्च 2022 में दिए गए आदेशों का अवलोकन अवश्य कर लें।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गनहरी, विकास खंड त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत गनहरी, विकास खंड त्रिवेदीगंज, बाराबंकी**

# इटियाथोक में मनरेगा में लूट आंखें बंद किए हैं अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के इटियाथोक विकास खंड में भी जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में बड़े पैमा ने पर फर्जी मस्टर रोल का खेल चल रहा है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि एक यही फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद कि ए हुए हैं।केन्द्र व प्रदेश सरकार ने मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखा है,जिससे श्रमिकों को गांवों में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के इटियाथोक विकास खंड की ग्राम पंचायत बगाही,हरदाइभट पुरवा,निशारुपुर, रामनगर झिन्ना,रमवापुर नायक, सिसई बहलो पुर में ग्राम प्रधान तथा अन्य जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए। इत ना ही नहीं हद तो यह है आँखो की मेपिंग होने के बाद भी भ्रष्टाचार कम होने का नाम महिला नहीं ले रहा है।फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरने का काम किया जा रहा है वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे का यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखाए जाते हैं।ग्रामीणों के अनु सार,प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उन के नाम पर भुगतान भी होता रहता है।गांव वालों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधि कारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्ष ण करें,तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी और निश्चित रूप से इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को लूटने पर रोक लगेगी।

### अनियमितता बर्दाश्त नहीं: डीएम

मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन सख्त हैं और लगातार निगरानी भी करा रही हैं। इतना ही नहीं,शिकायतें मिलने पर जांच कराकर कार्रवाई भी करती रहती हैं लेकिन इसके बावजूद सिस्टम बेपटरी ही है।डीएम प्रियंका निरंजन का कहना है कि मनरेगा योजना में अनियमितता एवं लापरवा ही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

# तीन दिन से गायब युवक का नाले में मिला शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सेमरा चौकी के पास बृहस्पतिवार की सुबह 9 बजे एक नाले में 4 2 वर्षीय पिंटू वाल्मीकि का शव मिला है।पिंटू रानी बाजार के निवासी थे और पिछले तीन दिनों से लापता थे।शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने नाले में शव देखकर स्थानीय लोगों को सूचना दी,जिसके बाद गोंडा नगर कोतवाली पुलि स को जानकारी दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद पिंटू वाल्मीकि के शव को नाले से बाहर निकाला।परिजनों ने शव की पहचा न की।नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पिंटू वाल्मीकि 20 अप्रैल को बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले थे और उसके बाद से लापता थे। देर रात जब पिंटू घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने गोंडा नगर कोतवाली में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस घटना के बाद परिजनों में भी हड़कंप मचा हुआ है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने 20 अप्रैल की देर रात ही रिपोर्ट दर्ज कर पिंटू की तलाश शुरू कर दी थी। प्रारंभिक जांच में अत्यधिक शराब पीने के कारण नाले में गिरने से मौत की आशंका जताई जा रही है। गोंडा नगर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर सभाजीत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।



# परीक्षा केन्द्र तारा गर्ल्स इण्टर कालेज का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को प्रति दिन 02 पालियों में आयोजित होने वाली उ.प्र. होगार्डस के पदों पर एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में 10 परीक्षा केन्द्र नामित किये गये हैं। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह व अतिरिक्त मजिस्ट्रेट श्रीमती पूजा चौधरी के साथ परीक्षा केन्द्र तारा गर्ल्स इण्टर कालेज का निरीक्षण कर परीक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद केन्द्र व्यस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखे जाये तथा सभी महत्वपूर्ण चरणों की व्यवस्थित ढंग से वीडियोग्राफी करायी जाय। डीएम ने परीक्षा कक्ष में प्रकाश एवं परीक्षार्थियों के लिए पेयजल के माकूल बन्दोबस्त रखने के भी निर्देश दिये।

# जीवन ही समस्त शक्तियों का भंडार है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित पावन प्रज्ञा पुराण कथा में उपस्थित गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ परिव्राजक मान सिंह वर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में 33 कोटि देवताओ का वर्णन आता है । उन्होंने ने बताया कि जीवन ही समस्त शक्तियों का भंडार है ऋषियों मनीषियों ने जो कुछ भी प्राप्त किया है जीवन की साधना के आधार पर ही प्राप्त किया है के मानव समाज साधना से विमुख होने के कारण विभिन्न विपत्तियों में फसा हुआ है।वर्तमान समय में गायत्री महामंत्र के साधना के बल पर सद्बुद्धि प्राप्त करके मनुष्य मानव जीवन को सार्थक बना सकता है। आयोजित कार्यक्रम का संचालन जगत राम वर्मा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया।आयोजित कार्यक्रम में देव आवाहन के साथ यज्ञ एवं विद्या आरम्भ संस्कार संपन्न भी करवाया गया। नवोदित विद्यार्थियों को विद्या अध्ययन में पारंगत व प्रवीण बनाने के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्हें दीक्षित भी किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए सामूहिक रूप से कामना की गई।आयोजित पावन प्रज्ञा पुराण कथा में प्रमुख रूप से गायत्री परिजन जे0पी0वर्मा, अरुण पाठक, पाटनदीन वर्मा, डॉ जे0एल0वर्मा,मदन पाल सिंह,बरसाती लाल गौतम, शैलेंद्र मिश्रा, शिव पूजन सिंह,दुर्गेश वर्मा,पंकज यादव, तेज़ नारायण यादव,छाया सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद पाठक ,शीला श्रीवास्तव, रीमा श्रीवास्तव पुष्पा सिंह पटेल,मीना वर्मा,कुसमा वर्मा,वेद प्रकाश बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

# अमेठी जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जायेगी होमगार्ड भर्ती परीक्षा : एसपी

### आठ परीक्षा केन्द्रों पर दो हजार छह सौ चालीस अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा होमगार्ड परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन गौरीगंज में ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। बताते चलें कि आगामी पच्चीस छब्बीस एवं सत्ताइस अप्रैल को जनपद में प्रस्तावित होमगार्ड परीक्षा के दृष्टिगत गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में कुल आठ परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण माहौल में पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस केन्द्र प्रभारी व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुचारु आवाजाही, परीक्षा केन्द्रों की निगरानी तथा नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, परीक्षा केन्द्र पर चेकिंग,फ्रिस्किंग के दौरान अभ्यर्थियों की सावधानी व गंभीरता पूर्वक चेकिंग किये जाने, किसी भी प्रकार की चश्मा, ब्लूटूथ, मोबाइल फोन अथवा अन्य अनावश्यक वस्तुओं को भली भांति चेक करने आदि के संबन्ध में के निर्देश दिये।परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जायेगी, ताकि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके । जनपद में कुल आठ परीक्षा केन्द्र बनाये गये है समस्त परीक्षा केन्द्रो को मिलाकर प्रत्येक पाली में दो हजार छह सौ चालीस अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, गौरीगंज के क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक अधिकारी अधिक से अधिक वाद निस्तारण करें : तपस्या त्रिपाठी

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर गुरुवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष सैययद माऊज़ बिन आसिम के निर्देश पर एडीआर भवन जनपद न्यायालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने कहा कि बैंक अधिकारी अधिक से अधिक वाद निस्तारण करें। तपस्या त्रिपाठी ने बैंक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सक्रिय सहयोग करने का निर्देश दिए। उन्होंने बैंक अधिकारियों से अपील की कि वे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रीलिटिगेशन एवं लंबित मामलों के समाधान के लिए आवश्यक पहल करें। बैठक में 14 मार्च को आयोजित पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत की समीक्षा भी की गई, जिसमें बैंक से जुड़े 1293 मामलों का निष्पादन किया गया था। बैठक में इस लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के समाधान के लिए बैंकों से पक्षकारों को व्यापक स्तर पर नोटिस भेजने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि प्रीलिटिगेशन मामलों का अधिकाधिक निपटारा सुनिश्चित हो सके।

## जिला उद्योग बन्धु की बैठक 28 अप्रैल को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 28 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

## माटीकला कौशल विकास योजना के तहत आयोजित होगा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 20 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कुम्हार जाति के अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है यूपीमाटीकलाबोर्ड डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बहराइच के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी किसी कार्य दिवस में कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर एक अदद फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक की छाया प्रति के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बहराइच द्वारा 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## जनपद में 24 अप्रैल से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह मई 2026 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 24 अप्रैल से 08 मई 2026 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

डीएसओ ने बताया कि ऐसे कार्डधारक जिनका तकनीकी कारणों से आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाता है, उन्हें मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से 08 मई 2026 को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया जायेगा। उन्होंने कार्डधारकों को सुझाव दिया है कि माह-मई, 2026 के सापेक्ष 24 अप्रैल से 08 मई 2026 के मध्य अपने राशनकार्ड पर अनुमन्य निःशुल्क खाद्यान्न सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से प्राप्त कर लें। वितरण अवधि में उचित दर दुकानों पर प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा।

## माटीकला योजना के तहत टूलकिट वितरण हेतु आवेदन आमंत्रित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत ''मॉटीकला टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत'' वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 35 निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के 18 से 55 आयु वर्ग के माटीकला के परम्परागत कारीगर, परिवार के शिक्षित बेरोजगार, माटीकला की किसी विधा के प्रशिक्षित अभ्यर्थी, स्वतः रोजगार में रूचि रखने वाले परम्परागत कारीगर परिवार की महिला अर्ह होंगे। अभ्यर्थियों की उपलब्धता के आधार पर शासकीय व्यवस्था के अनुरूप आरक्षित वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों के चयन में उनकी आर्थिक स्थिति, माटीकला का अनुभव, तकनीकि ज्ञान एवं विपणन योग्यता को भी देखा जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार वेबसाइट यूपीमाटीकलाबोर्ड डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से आललाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन 15 मई 2026 तक कर सकते हैं। योजना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 9580503159 पर सम्पर्क किया जा सकता है। परम्परागत कार्य करने वाले कुम्हार परिवार को चयन में वरीयता प्रदान की जायेगी।

## वाराणसी के बघवानाला क्षेत्र में आग से तीस झोपड़ियां खाक

वाराणसी । वाराणसी के लालपुर थाना क्षेत्र के बघवानाला क्षेत्र में सड़क किनारे बनी झोपड़ियों में गुरुवार को तकरीबन चार बजे अचानक आग लग गई। आग की उठती लपटों से करीब तीस झोपड़ियां पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों ने करीब दो घंटे के बाद आग को नियंत्रित कर लिया। इस दौरान झोपड़ियों में रखे सामान जलकर राख हो गए। वाराणसी के मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद ने बताया कि बघवानाला क्षेत्र में बनी झोपड़ियों में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। आग पर नियंत्रण पा लिया गया है।

# जिले में तेजी से बढ़े अपराध के ग्राफ,गोंडा पुलिस रोकने में नाकाम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा हैं,ले किन पुलिस उस पर लगाम लगाने की बजाय शां त बैठी है।पुलिस के इसी रवैये को देखकर अपरा धी जिला पंचायत सदस्य के पति को घर से दो सौ मीटर की दूरी पर ही बदमाश गोली मार रहे हैं।तो कही किसी को लूट रहे है।आए दिन हत्याएं हो र ही हैं,वही वारदातों को अंजाम देने में आरोपित का मयाब हो जा रहे है।चोर तो आए दिन किसी न कि सी मोहल्ले के मकान का ताला चटका रहे है। हाल त बहुत की खराब हो गए है।अब तो कानून व्यव स्था पर सवाल खड़े होने लगे है।मारपीट की घटना तो आम बात है।जनपद में पहले ही अपराध बढ़े थे अब तो हद हो गई है।पिछले एक महीने पर गौर करें तो अपराधी खुलेआम अपराधों को अंजाम दे ने लगे है।इससे जिलेभर में दशहत फैल गई है।हर किसी के मन में यह डर बन गया है कि कही सड़ क पर निकल तो कोई उनको लूट न ले।कही दिन दहाड़े उनकी हत्या न हो जाए।यह सोचकर हर को ई सहमा हुआ है।वही लोगो का कहना है कि थाने की पुलिस केवल वसूली में मस्त है।अपराध रोकने पर उसका कोई ध्यान नहीं है।

# गोंडा- लखनऊ मार्ग पर गाड़ी ओवरटेक करते समय दो युवकों में हुआ जमकर मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा-लखनऊ हाईवे पर चौपाल सागर के पास दो युवकों के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। वीडियो सामने आने के बाद गोंडा नगर कोतवाली क्षेत्र की एससीपीएम चौकी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, यह घटना तीन दिन पहले की बताई जा रही है जब एक पिकअप चालक और एक मोटरसाइकिल चालक के बीच गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर रास्ते में गाली-गलौज शुरू हो गई थी।गाली-गलौ ज बढ़ने पर दोनों युवकों ने चौपाल सागर के पास अपनी गाड़ियां रोक दीं। इसके बाद उनके बीच सड़क किनारे ही जमकर मारपीट हुई।वहां से गुजर रहे लोग विवाद सुलझाने के बजाय खड़े होकर देखते रहे।राहगीरों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पिकअप चालक और मोटरसाइकिल सवार दोनों हाईवे पर सड़क किनारे एक-दूसरे से मारपीट और गाली-गलौज कर रहे हैं।नगर कोतवाल ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है।उन्होंने पुष्टि की कि यह घटना गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई मारपीट से संबंधित है।कोतवाल के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मारपीट में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# 'जन आक्रोश सम्मेलन' में नारी सम्मान पर सियासत तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। जनपद में भाजपा द्वारा आयोजित 'जन आक्रोश सम्मेलन' अब सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नारी सम्मान के मुद्दे पर सीधी राजनीतिक लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है गांधी प्रेक्षागृह में हुए इस आयोजन में पार्टी नेताओं ने खुलकर विपक्ष पर निशाना साधा और महिलाओं से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखा प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने साफ कहा कि महिलाओं के सम्मान से जुड़ा कोई भी मुद्दा देश की राजनीति में बेहद संवेदनशील होता है उनका कहना था कि संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के विरोध को महिलाएं आसानी से नहीं भूलेंगी और इसका असर आने वाले चुनावों में दिख सकता है यह बयान सीधे तौर पर महिला मतदाताओं को साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है सम्मेलन में बार-बार यह बात दोहराई गई कि भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें राजनीतिक भागीदारी देने के लिए काम कर रही है। वहीं विपक्ष पर आरोप लगाया गया कि वह सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करता है नेताओं ने धार्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों का भी सहारा लिया, जिससे यह संदेश देने की कोशिश की गई कि नारी सम्मान भारतीय परंपरा का हिस्सा है इस कार्यक्रम का एक अहम पहलू कानून-व्यवस्था को लेकर दिया गया संदेश भी रहा भाजपा नेता से जुड़े कथित कब्जे के वायरल वीडियो पर जब सवाल उठे, तो मंत्री औलख ने स्पष्ट कहा कि ‟गुंडा किसी भी दल का हो,जेल जाएगा इस बयान को पार्टी की छवि को साफ रखने और सख्त प्रशासनिक रुख दिखाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस तरह के सम्मेलन चुनावी रणनीति का हिस्सा होते हैं, जहां किसी खास मुद्दे को जनता के बीच जोर-शोर से उठाया जाता है इस बार 'नारी शक्ति' का मुद्दा केंद्र में है, जो सीधे तौर पर महिला मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास माना जा रहा है कुल मिलाकर, पीलीभीत का यह सम्मेलन सिर्फ विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि आने वाले चुनावों से पहले माहौल बनाने की एक बड़ी राजनीतिक कवायद के रूप में सामने आया है अब देखना यह होगा कि इसका असर जमीनी स्तर पर कितना पड़ता है और महिलाएं इस मुद्दे को किस तरह से लेती हैं।

# पूरनपुर में स्मार्ट मीटरों पर घमासान, व्यापारियों का विरोध तेज, व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्ट मीटर प्रीपेड योजना जहां एक ओर बिजली व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने का दावा कर रही है, वहीं पूरनपुर में यही योजना अब विवाद और असंतोष का कारण बनती जा रही है उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपे जाने के बाद यह मुद्दा और गरमा गया है व्यापारियों और उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद समस्याएं कम होने के बजाय बढ़ गई हैं सबसे गंभीर आरोप यह है कि भुगतान करने के बावजूद कई बार बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है इससे दुकानों, प्रतिष्ठानों और छोटे उद्योगों को सीधे नुकसान का सामना करना पड़ रहा है दूसरी बड़ी समस्या तकनीकी खामियों को लेकर सामने आ रही है प्रीपेड मीटरों से जुड़े सर्वर अक्सर ठप रहते हैं, जिससे रिचार्ज की जानकारी समय पर अपडेट नहीं होती कई उपभोक्ताओं का दावा है कि भुगतान करने के बाद भी उनका बैलेंस नहीं दिखता और उन्हें बार-बार बिजली विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं ज्ञापन में यह भी उजागर किया गया कि पुराने मीटर हटाकर नए प्रीपेड मीटर लगाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में सीलिंग सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपडेट नहीं किए गए हैं इससे यह सवाल उठता है कि क्या विभागीय रिकॉर्ड सही तरीके से मेंटेन किया जा रहा है या नहीं पारदर्शिता के दावों के बीच यह एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अनियमित बिजली आपूर्ति और मीटर की तकनीकी दिक्कतों के कारण उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है खासकर गर्मी के मौसम में जब बिजली की जरूरत अधिक होती है, ऐसे समय में अचानक सप्लाई बंद हो जाना आर्थिक नुकसान का कारण बन रहा है हालांकि विद्युत विभाग की ओर से अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि स्मार्ट मीटर प्रणाली उपभोक्ताओं को अपने खर्च पर नियंत्रण देने और बिलिंग में पारदर्शिता लाने के लिए लागू की गई है विभागीय सूत्रों के अनुसार, तकनीकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास जारी है और सर्वर को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है सच्चाई यह है कि योजना का उद्देश्य भले ही सकारात्मक हो, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी क्रियान्वयन प्रक्रिया में कई खामियां नजर आ रही हैं अधूरी तकनीकी तैयारी, सर्वर की कमजोरी और उपभोक्ताओं को पर्याप्त जानकारी न मिल पाना—ये सभी कारण लोगों के असंतोष को बढ़ा रहे हैं प्रीपेड मीटरों की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए,तकनीकी खामियों को तुरंत दूर किया जाए,और उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन के बाद अब निगाहें प्रशासन और सरकार की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो यह मुद्दा और बड़ा आंदोलन का रूप ले सकता है पूरनपुर में स्मार्ट मीटर योजना फिलहाल सुविधा से ज्यादा समस्या बनती दिख रही है अब यह प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है कि वह तकनीक और जमीनी जरूरतों के बीच संतुलन बनाते हुए जनता का भरोसा कैसे कायम रखता है।

# सपा में शामिल होने का विरोध करने वालों को बताया अदूरदर्शी अंधभक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ‟गुरूजी" ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने के अपने निर्णय का औचित्य स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश की संप्रभुता की रक्षा करना और संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र कराना है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो वह शहीद होने के लिए भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयता, लोकतंत्र की जो परिभाषा चुनाव आयोग की जो विशेषता, संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिबद्धता का जो पाठ हम बच्चों को क्लास रूम में पढ़ाते हैं वह वास्तव में देश के अंदर यथार्थ में दिखाई नहीं देता, हम संविधान में दिए गए अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जो बातें बच्चों को क्लास रूम में पढ़ाते हैं समाज में वह नहीं दिखती। देश के संसाधनों और सत्ता न्याय पूर्ण भागीदारी आज भी नहीं दिख रही है हम चाहते हैं कि जो संविधान में है वैसा समाज में भी होना चाहिए, इसी आशा और विश्वास से हम समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना चाहते हैं। देश भारत के संविधान में बच्चों की प्राथमिक शिक्षा की गारंटी दी गई है लेकिन उत्तर प्रदेश में एक तरफ जनसंख्या बढ़ रही है तो दूसरी तरफ प्राइमरी स्कूल बंद किए जा रहे हैं प्रदेश में प्राइमरी स्कूल बंद होने से बचाने के लिए हम मोस्ट के लोगो ने सरकार के गलत निर्णय के विरोध में विभिन्न जनपदों में भीषण प्रदर्शन भी किए किंतु मौजूदा सरकार संवैधानिक गारंटी के अनुकरण में पर्याप्त शिक्षकों की भर्ती, ग्रामीणों/पिछड़ों के बच्चों की शिक्षा के लिए बजट में वृद्धि करने के बजाय स्कूल बंद कर रही है। आज अमीर लोग यह कह कर कि गांव में शिक्षा का माहौल नहीं है अपने बच्चों को शहर भेज दे रहे हैं किंतु जो साधन संपन्न नहीं है ऐसे गरीब/पिछड़ों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा भी मिलना मुश्किल हो रही है योगी सरकार को इतना भी ज्ञान नहीं कि राष्ट्र का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं बल्कि विद्यालयों में होता है इसी लिए हम मोस्ट के लोग प्रदेश में खास करके पूर्वांचल में निःशुल्क मोस्ट पाठशालाएं चलवाने का काम कर रहे हैं हमें उम्मीद है कि समाजवादी सत्ता में आने के बाद प्रदेश की बर्बाद की जा रही प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देंगे। श्यामलाल निषाद ने कहा कि बीजेपी संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रता का खत्म कर रही है देश की संप्रभुता अमेरिका के हाथों सौंप चुकी है! ऐसा लगता है कि देश भारत आज अमेरिका का उपनिवेश बनकर रह गया है, देश के संसाधनों और संपत्ति अपने चहेते चंद पूंजीपतियों के हवाले करते चले जा रहे हैं।

# गर्मी में राहगीरों को राहत: पीलीभीत में ई-रिक्शा वाटर कूलर जलसेवा शुरू

## गर्मी को देखते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल की सकारात्मक पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की पहल पर शहर में वाटर कूलर से लैस ई-रिक्शा जल सेवा शुरू की गई। इस अभिनव पहल का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने हरी झंडी दिखाकर किया।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभिक चरण में चार ई-रिक्शा शहर के विभिन्न इलाकों में संचालित किए गए हैं, जो दिनभर घूम-घूमकर राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी के दौरान आमजन, खासकर मजदूर, रिक्शा चालक और राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। प्रत्येक ई-रिक्शा पर महिला कर्मचारी तैनात की गई हैं, जो लोगों को पानी पिलाने का कार्य करेंगी।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास गर्मी के मौसम में आमजन को बड़ी राहत देते हैं और अन्य नगर निकायों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, रेखा सिंह परिहार, इंद्रेश सिंह चौहान, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, जगन्नाथ लोधी, पंकज तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नगर पालिका की इस पहल को शहरवासियों ने भी सराहा है और इसे गर्मी के मौसम में एक सराहनीय कदम बताया है।

## भारतीय वायु सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमेठी । थाना शिवरतनगंज पुलिस ने भारतीय वायु सेना में नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख छब्बीस हजार रुपये की ठगी करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के गांव अब्दुल्ला बाहरपुर निवासी मोहम्मद इबरार पुत्र बाबू अली ने न्यायिक मजिस्ट्रेट रायनबरेली द्वितीय कोर्ट संख्या उन्नीस को सौंपे गये प्रार्थना पत्र में लिखा है कि करीमु?ददीन एवं उनके सुपुत्र अशरफ अली निवासीगण एस.आर कालोनी, एल्डिगो रोगलिया, आई.आई.एम. रोड, थाना मड़ियाव, जनपद-लखनऊ उसकी रिश्तेदारी में है व घर जैसे सम्बन्ध है। इन लोगों के द्वारा मेरे पुत्र मोहम्मद आशिफ व शाहिद अनवर निवासी शिवरतनगंज जनपद-अमेठी को भारतीय वायु सेना में नौकरी लगवाने का आश्वासन शाहिद अनवर के घर पर दिया था जिसमें प्रार्थी के पुत्र मोहम्मद आशिफ को भारतीय वायु सेना में हाउस किपिंग में रखने हेतु आश्वासन दिया गया था।

# लेंसकार्ट शोरूम पर जोरदार विरोध ड्रेस कोड विवाद ने पकड़ा तूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**धार्मिक स्वतंत्रता बनाम कॉर्पोरेट नीति पर छिड़ी बहस, प्रशासन सतर्क**

पीलीभीत।शहर में गुरुवार को लेंसकार्ट शोरूम उस समय विरोध का केंद्र बन गया, जब राष्ट्रीय हनुमान दल के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता वहां पहुंच गए उन्होंने शोरूम कर्मचारियों को तिलक लगाया और कलावा बांधा, साथ ही कंपनी की कथित ड्रेस कोड नीति के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि कंपनी की ‟ग्रूमिंग पॉलिसी" में हिंदू धार्मिक प्रतीकों—जैसे तिलक, बिंदी और कलावा—पर प्रतिबंध लगाने की बात सामने आई है, जबकि अन्य धार्मिक परिधानों को अनुमति दी जा रही है। इसे लेकर कार्यकर्ताओं ने इसे ‟धार्मिक असमानता" और ‟एकतरफा नीति" करार देते हुए कड़ी आपत्ति जताई राष्ट्रीय हनुमान दल के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है,जहां सभी धर्मों को समान अधिकार प्राप्त हैं उन्होंने कहा कि किसी भी निजी कंपनी को ऐसी नीति बनाने का अधिकार नहीं होना चाहिए, जो किसी विशेष धर्म की भावनाओं को आहत करे उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की नीतियां वापस नहीं ली गईं, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा यह मुद्दा अब धीरे-धीरे राजनीतिक रंग भी लेने लगा है। स्थानीय स्तर पर कई संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है। कुछ नेताओं ने इसे ‟सांस्कृतिक असंवेदनशीलता" बताया, जबकि अन्य ने कहा कि कॉर्पोरेट संस्थाओं को देश की सामाजिक संरचना और धार्मिक विविधता का सम्मान करना चाहिए वहीं, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार के विवाद आगामी समय में बड़े राजनीतिक मुद्दे का रूप ले सकते हैं, क्योंकि यह सीधे तौर पर धार्मिक पहचान और अधिकारों से जुड़ा हुआ विषय है कथित ‟ग्रूमिंग पॉलिसी" का दस्तावेज वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है कई यूजर्स ने कंपनी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए बहिष्कार की मांग की है कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि विवाद के चलते कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली हालांकि, इस बीच कई लोगों ने यह भी अपील की है कि बिना आधिकारिक पुष्टि के किसी भी दस्तावेज या सूचना पर प्रतिक्रिया देने से बचना चाहिए विवाद बढ़ने के बाद कंपनी की ओर से सफाई जारी की गई है कंपनी ने कहा है कि वह सभी धर्मों और परंपराओं का सम्मान करती है और किसी भी प्रकार के भेदभाव की नीति का समर्थन नहीं करती। साथ ही, कंपनी ने अपने ड्रेस कोड दिशानिर्देशों की समीक्षा कर आवश्यक संशोधन करने का आश्वासन दिया है मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया है पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति पर नजर बनाए रखी है और किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं सूत्रों के अनुसार, प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है अधिकारियों का कहना है कि यदि कोई भी भ्रामक या भड़काऊ सूचना फैलाने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी इस पूरे घटनाक्रम ने एक महत्वपूर्ण बहस को जन्म दे दिया है।क्या निजी कंपनियां अपने कार्यस्थल पर ड्रेस कोड लागू करने में पूरी तरह स्वतंत्र हैं, या उन्हें कर्मचारियों की धार्मिक भावनाओं और पहचान का विशेष ध्यान रखना चाहिए विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के मामलों में संतुलन बेहद जरूरी है, ताकि न तो किसी की धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित हो और न ही संस्थाओं के संचालन पर असर पड़े।

## दबंगई के बल कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास विरोध करने पर किया जानलेवा हमला पुलिस से शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जादोपुर गहलूइया निवासी महताब बैग ने कोतवाली प्रभारी पूरनपुर को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि गांव के ही रहने वाले असलम खा पुत्र तस्वर खा को एक साल के लिए अपना तीन एकड़ दो बीघा खेत ठेके पर दिया था। एक लाख 72 हजार में जिसमें से असलम ने 90 हजार रुपए नगर दिए थे। बाकी का 82 हजार फसल काटने पर देने की बात कही थी।फसल काट ली लेकिन फिर भी 82 हजार रुपए अभी तक नहीं दिया और फिर दोबारा मेरी जमीन 20 अप्रैल को जोतने के लिए पहुंच गए जब इस बात का विरोध कर मैंने कहा कि आपने पिछला रुपया अभी तक नहीं दिया अब जमीन क्यों जोत रहे हो इस बात पर रेहान खा पुत्र असलम खान निवासी ग्राम जादोपुर गहलूइया ने मेरे भाई वसीम के बांका मार दिया जिससे वह घायल होगा गया रेहान खा के साथ इरफान खा ,रिजवान खा, इमरान खा,रेहान खा पुत्र असलम खा और असलम खा पुत्र तस्वर खा निवासी ग्राम जादोपुर गहलूइया हाथों में लाठी डंडे से लैस होकर मेरे भाई पर हमलावर हो गए बहुत मुश्किल से मेरे भाई ने भाग कर जान बचाई वरना उक्त लोग मेरे भाई को जान से मार देते हैं। पीड़ित ने कोतवाली प्रभारी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने एवं बकाया 82 हजार रुपए दिलाने की मांग की है।

## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में कार्रवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पूरनपुर पुलिस ने 22 अप्रैल 2026 की शाम गश्त के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया पुलिस टीम शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग में लगी थी, तभी मुखबिर की सूचना पर कालीनगर रोड स्थित गन्ने के कोल्हू के आगे बनी पुलिया पर पहुंची पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुलफाम (19 वर्ष) पुत्र मोहम्मद मियां उर्फ बबू, निवासी मोहल्ला रजांगंज, थाना पूरनपुर बताया तलाशी के दौरान उसकी जींस की जेब से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ लाइसेंस मांगने पर वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका इसके बाद पुलिस ने उसे धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया बरामद चाकू को सील कर कब्जे में लिया गया है पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी की पूरी कार्रवाई नियमों के तहत की गई और मौके की वीडियोग्राफी भी कराई गई। आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## एटीएम धोखाधड़ी व चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के 3 शातिर गिरफ्तार

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी और एटीएम धोखाधड़ी की वारदातों में शामिल एक अंतरजनपदीय गिरोह के तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 9 एटीएम कार्ड, ?24,400 नकद और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस ने यह कार्रवाई की। गुरुवार सुबह करीब 05:35 बजे पुलिस टीम ने सौरमऊ बाईपास सर्विस लेन के पास दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 आकिब, मोहम्मद सारिफ और मोहम्मद फरहान जो जनपद प्रतापगढ़ के निवासी हैं, विभिन्न थानों में दर्ज कई मामलों में वांछित चल रहे थे। इन पर सुलतानपुर के कोतवाली नगर, गोसाईगंज और बंधुआकलां थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और ये लंबे समय से चोरी व एटीएम धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय, उप-निरीक्षक जितेन्द्र यादव, पंकज कुमार, वैभव त्रिपाठी समेत कांस्टेबल रजत सचान और दिग्विजय सिंह की अहम भूमिका रही।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

शुकुल बाजार अमेठी,थाना बाजार शुकुल पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर गुरुवार को थाना बाजार शुकुल पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अजय कुमार पुत्र ननकऊ निवासी ग्राम लदई का पुरवा मजरे महोना पश्चिम थाना बाजार शुकुल उम्र करीब इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## जायस पुलिस ने मांगलिक कार्यक्रम में मारपीट करने वाले आठ लोगों को भेजा जेल

जायस अमेठी,थाना जायस पुलिस ने एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान मारपीट के मामले में वांछित आठ लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने मारपीट में प्रयुक्त डंडा, फावड़े का बेट, लोहे की पाइप, बेस बैट बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना जायस पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मारपीट के मामले में वांछित धर्मराज पुत्र रामकिशुन,दीपक पुत्र धर्मराज निवासीगण पूरे भैया कस्बा व थाना जायस,बिन्द्रा प्रसाद पुत्र बाबूलाल सोनकर,अतुल कुमार सोनकर पुत्र रामथीरथ निवासीगण मोहल्ला कंचाना कस्बा व थाना जायस को गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में शीतला प्रसाद, श्रीनाथ पुत्रगण राम किशुन, जगप्रसाद पुत्र शीतला प्रसाद एवं चन्द्रकेश पुत्र श्रीनाथ निवासीगण पूरे भैया कस्बा व थाना जायस जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि बीती इक्कीस अप्रैल को एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्ष आपस में मारपीट कर लिये थे। दोनों पक्षों से गिरफ्तार युवकों की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयुक्त डंडा, फावडे का बेट, लोहे की पाइप, बेस बैट आदि बरामद हुआ है।

# रोडवेज कर्मचारी संघ का गठन सतीश चन्द्र मिश्रा बने अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की सुल्तानपुर डिपो शाखा का गठन आज विधिवत रूप से किया गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सतीश चन्द्र मिश्रा (क्षेत्रीय अध्यक्ष, अयोध्या क्षेत्र) एवं संजीव कुमार (शाखा मंत्री, अकबरपुर डिपो) की देखरेख में सम्पन्न हुई। चुनाव के उपरांत सतीश चन्द्र मिश्रा को शाखा अध्यक्ष तथा प्रतीक श्रीवास्तव को शाखा मंत्री चुना गया। इसके साथ ही संगठन मंत्री पद पर देवेन्द्र मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष पद पर रामबदन को निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्रा ने की, जबकि संचालन बी0सी0 शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश शुक्ला (विभाग प्रमुख), दीपक मिश्रा (भारतीय मजदूर संघ) एवं राकेश शर्मा (जिला संयोजक) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल द्वारा नामित सभासद मदन सोनकर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए परिचालक रेनू टण्डन को सर्वसम्मति से संगठन की आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर बलिराम मिश्रा, कपिलदेव पाण्डेय, सुनील कुमार, तेजेन्द्र मिश्रा, अमर बहादुर मौर्या, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, विवेक सिंह, विमलेश तिवारी, के0के0 पाण्डेय, शेष नारायन पाण्डेय, श्रीनिवास पाण्डेय, संजीव प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# होर्मुज संकट गहराया

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम की अवधि आगे बढ़ाए जाने ने इस बात को रेखांकित किया है कि पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल बड़ी शक्तियों और उनके सहयोगियों में युद्ध की इच्छा कमजोर पड़ी है। बहरहाल अमेरिका द्वारा अप्रत्याशित रूप से होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करने के निर्णय के बाद भविष्य की राह अनिश्चित नजर आ रही है। जब दुनिया की सबसे शक्तिशाली नौ सेना समुद्री वैध सीमाओं के करीब खाड़ी की सीमाओं से काफी दूर, ईरानी पोतों का पीछा कर रही है तो इस गतिरोध को दूर कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। ईरान ने भी अमेरिका की बंदी की प्रतिक्रिया में होर्मुज स्ट्रेट को एक बार खोलकर दोबारा बंद कर दिया है। ऐसे में राजनीतिक और आर्थिक हालात दो सप्ताह पहले युद्ध विराम के शुरुआती समय की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ चुके हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका को गतिरोध दूर करने के लिए एक उपयुक्त हल तलाश करना होगा। युद्ध विराम की अवधि बढ़ा कर लेकिन होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान में कथित मतभेद पर दांव लगा रहे हैं ताकि ईरान के वार्ताकारों को बातचीत के लिए दोबारा राजी किया जाए। हालांकि अब तक इस कदम के पीछे का तर्क समझ से परे है। यदि, जैसा कि रिपोर्ट किया गया है, शक्तिशाली इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) सक्रिय रूप से राजनीतिक नेताओं को दरकिनार कर रही है, तो साझा आधार खोज पाना कठिन है। अपनी प्रकृति से ही ईरान की सर्वोच्च शासकीय एजेंसी होने के कारण, आईआरजीसी राजनीतिक नेतृत्व की तुलना में कहीं अधिक कठोर होगी और अमेरिका की चुनौतीपूर्ण शर्तों यानी यूरेनियम संवर्धन पर रोक और हमास व हिज्बुल्लाह जैसे सहयोगी समूहों के हथियारविहीन होने को स्वीकार करने में अनिच्छुक रहेगी, जब तक कि इजरायल परमाणु हथियारों से लैस विस्तारवादी शक्ति बना रहता है। इसलिए बहुत कुछ लेबनान और इजरायल के बीच अमेरिका-प्रायोजित शांति वार्ताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अमेरिकी नाकाबंदी ईरान की निर्यात आय और खाद्य पदार्थ, अनाज तथा दवाइयों जैसे आवश्यक आयातों को निस्संदेह सीमित करेगी, जिससे उसके लोगों का कष्ट बढ़ेगा। वास्तव में, संघर्ष शुरू होने के बाद भी देश ने अपना तेल निर्यात जारी रखा और ऊंची कीमतों का लाभ उठाया। होर्मुज स्ट्रेट से पारगमन शुल्क लगाने के साथ-साथ, ईरान ने एक तरह का बफर तैयार कर लिया है। मार्च में, उसने पिछले डेढ़ वर्ष में अपनी पांचवीं सबसे ऊंची आय दर्ज की। इसके अलावा, दशकों से बढ़ती पाबंदियों ने ईरानी जनता को कठिनाइयों के प्रति अभ्यस्त बना दिया है। इस स्थिति में, एक और नाकाबंदी झेलना उनके लिए बहुत कठिन नहीं होना चाहिए। इतना कष्ट झेलने के बाद, ईरानी शायद इस समय पीछे हटने के लिए तैयार न हों। इस बीच, दुनिया ईंधन की कमी के कारण विनाशकारी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से जूझ रही है। तेल की कीमतें, जो युद्ध विराम की घोषणा के समय कुछ हद तक स्थिर हुई थीं, फिर से बढ़ गईं जब अमेरिकी नौ सेना ने एक ईरानी झंडे वाले मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही 2026 की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 3.3 फीसदी से घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह आकलन आशावादी प्रतीत होता है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया, जो आर्थिक वृद्धि के लिहाज से सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक है, नाकाबंदी का सबसे अधिक खमियाजा भुगत रहे हैं। खाड़ी देशों से होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते आने वाला 80 फीसदी से अधिक कच्चा तेल और अन्य जीवाश्म ईंधन एशिया के लिए होता है। यह तथ्य कि ईरान का 90 फीसदी तेल चीन जाता है, चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और बिगाड़ने का जोखिम बढ़ाता है, जिसके परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। संक्षेप में, युद्ध विराम और नाकाबंदी ने जमीनी हकीकतों को उतना नहीं बदला है जितना कि युद्ध को फिर से शुरू करने से बदलता।

# वैश्विक औसत से बहुत दूर है सत्ता में महिलाओं की भागीदारी

**एक मोटे अनुमान के अनुसार हालिया चुनावों में 14 राज्यों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी 19 राज्यों केन्द्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो यह भी साफ हो जाता है कि लगभग सभी पार्टियों ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर चुनाव घोषणा पत्र बनाये और महिलाओं को किसी भी नाम से योजना रखते हुए एक निश्चित राशि देने की बात प्रमुखता से की। बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में लखपति दीदी या इसी तरह के नाम से मिलती जुलती योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने की रणनीति महिला वोटों को अपनी और करने की रही है, यह दूसरी बात है कि इसका लाभ किस पार्टी को अधिक मिला। एक बात साफ हो जानी चाहिए राजनीतिक पार्टियां कहने को कुछ भी कहे या महिलाओं को आगे लाने की कितनी भी बात करें पर विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी तक महिलाओं की बढ़ नहीं पाई है।**

संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण का बिल गिरने के साथ ही देश में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई है। जहां एक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश के माध्यम से महिलाओं से माफी मांगी है तो दूसरी और विपक्ष ने इसे अपनी बड़ी जीत और सरकार की हार बताई है। हंालाकि विपक्ष यह भी कह रहा है कि उनका विरोध सीटों के परिसीमन से अधिक है। खैर यह अलग बहस का विषय हो सकता है। पर एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सत्ता में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामलें में हम दुनिया के देशों से अभी काफी पीछे चल रहे हैं। दुनिया के 190 देशों के आंकड़ों का विश्लेषण करे तो हमारे देश का स्थान 147 वां आता है। दुनिया के देशों में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी की बात करें तो वैश्विक स्तर औसत 27.5 फीसदी है। 30 महिला राष्ट्राध्यक्ष महिलाएं है तो दुनिया के केवल 8 देश ही ऐसे हैं जहां महिलाओं की भागीदारी 50 फीसदी से अधिक है। रवांडा, क्यूबा, निकारागुआ, कोस्टारिका, बोलिविया, मैक्सिको, एंडोरा और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है। न्यूजीलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड 45 से 50 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज हम महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी की बात कर रहे हैं वहीं इस समय दुनिया के 56 देश ऐसे हैं जहां सत्ता में महिलाओं का 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार हालिया चुनावों में 14 राज्यों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी 19 राज्यों केन्द्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो यह भी साफ हो जाता है कि लगभग सभी पार्टियों ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर चुनाव घोषणा पत्र बनाये और महिलाओं को किसी भी नाम से योजना रखते हुए एक निश्चित राशि देने की बात प्रमुखता से की। बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में लखपति दीदी या इसी तरह के नाम से मिलती जुलती योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने की रणनीति महिला वोटों को अपनी और करने की रही है, यह दूसरी बात है कि इसका लाभ किस पार्टी को अधिक मिला। एक बात साफ हो जानी चाहिए राजनीतिक पार्टियां कहने को कुछ भी कहे या महिलाओं को आगे लाने की कितनी भी बात करें पर विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी तक महिलाओं की बढ़ नहीं पाई है। महिला प्रतिनिधित्व का वैश्विक औसत जहां 27.5 प्रतिशत है वहीं हमारे देश में अभी तक यह 14-15 प्रतिशत तक पहुंच पाया है। रौचक बात यह है कि 2009 की 15 वीं लोकसभा के पहले तक तो हमारे देश में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व दहाई की संख्या में भी नहीं पहुंचा था। 15 वीं लोकसभा में पहली बार 10.9 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हो सका। हंालाकि 1977 में आपातकाल के ठीक बाद की लोकसभा में सबसे कम भागीदारी केवल 3.5 प्रतिशत ही रह गई थी। पर 1977 के हालात अलग थे और उनको अलग करके देखा जाना चाहिए। उस समय आपातकाल के बाद की स्थितियां थी। 18 वीं लोकसभा में 17 वीं लोकसभा की तुलना में 3 महिला सांसद कम है। इस तरह से 17वीं लोकसभा में महिलाओं की सर्वाधिक 14.4 प्रतिशत भागीदारी रही। जहां तक राजनीतिक दलों की बात है तो भले ही महिला आरक्षण बिल का अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण कंाग्रेस व अन्य विपक्षियों के साथ तृणमूल कंाग्रेस ने भी विपक्ष में मतदान किया पर लोकसभा और राज्य सभा में टीएमसी दल की महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक है। जहां तक कंाग्रेस का प्रश्न है तो कंाग्रेस की भागीदारी 14.3 प्रतिशत और बीजेपी की भागीदारी 12.9 प्रतिशत है। अन्य दलों की भी कमोबेश यही स्थिति है। जहां तक राज्यों का प्रश्न है तो इस समय देश में सर्वाधिक महिला सदस्य छत्तीसगढ़ विधानसभा में है। छत्तीसगढ़ में कुल सदस्यों में 21.1 प्रतिशत महिला सदस्य है। त्रिपुरा में 15 प्रतिशत महिला सदस्य है। बाकी देश के अन्य राज्यों में 15 प्रतिशत महिलाएं भी विधानसभा की सदस्य नहीं है। नागालैंड देश का ऐसा प्रदेश है जहां सबसे कम महिला सदस्य है। कर्नाटक



जैसे राज्य में भी पांच प्रतिशत से कम महिला विधानसभा सदस्य है। खैर इससे यह तस्वीर साफ हो जानी चाहिए कि जब तक संवैधानिक बाध्यता नहीं होगी तब तक महिलाओं की भागीदारी लाख प्रयासों के बावजूद नहीं बढ़ने वाली है। इसके लिए एक सीमा तक सीटों का आरक्षण करना ही होगा। इसका जीता जागता उदाहरण पंचायतीराज व स्थानीय स्वशासन संस्थाएं है। जहां महिलाओं की सीटे आरक्षित होने से आज तस्वीर ही बदल गई है। आज सरपंच पति या प्रधान पति वाली बात भी नहीं रही है। पिछले चुनाव परिणाम भी यह साफ कर चुके हैं कि आज महिलाएं अपने निर्णय स्वयं लेती है। यही कारण है कि सरकार बनने और बनाने में महिलाओं मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रही है। आने वाले समय में इसमें और अधिक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। ऐसे में एक बात साफ हो जानी चाहिए कि बिना आरक्षित सीटों के विधानसभाओं या संसद में महिला सदस्यों की हिस्सेदारी बढ़ने की कल्पना करना बेमानी होगी। यह तो संवैधानिक बाध्यता से ही संभव हो पाएगा। यह सभी राजनीतिक दलों को समझना होगा। यदि महिलाओं की सत्ता में सहभागिता बढ़ानी है तो महिला सीटों का आरक्षण करना ही होगा।

यह अवश्य है कि आरक्षण की सीमा आपसी समन्वय व विचार विमर्श से सर्वसम्मति से तय होता है तो यह बेहतर लोकतांत्रिक परंपरा होगी। राजनीतिक दलों को आपसी आग्रह दुराग्रहों से हटकर इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों को भी इस दिशा में देश में माहौल बनाना चाहिए। यह साफ है कि अब समय आ गया है जब महिलाओं की हिस्सेदारी तय होनी ही चाहिए। **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

# बीमा से क्यों दूर है आम भारतीय

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। ऊंची विकास दर, डिजिटल क्रांति, बढ़ती आय और वैश्विक मंच पर मजबूत होती स्थिति- ये सब संकेत देते हैं कि देश आर्थिक रूप से आगे बढ़ रहा है। लेकिन इस चमकदार तस्वीर के पीछे एक सच्चाई ऐसी भी है, जो अक्सर नजरों से ओझल रह जाती है- भारत का आम नागरिक अब भी आर्थिक सुरक्षा के सबसे बुनियादी साधन यानी बीमा से दूर है। विडंबना यह है कि जिस देश में अनिश्चितताओं की भरमार है- बीमारी, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदाएं, रोजगार की अस्थिरता- वहीं बीमा को अब भी अतिरिक्त खर्च समझा जाता है, न कि जरूरी सुरक्षा कवच। भारत में बीमा कवरेज की स्थिति संतोषजनक नहीं है। बीमा घनत्व और पैठ दोनों वैश्विक औसत से नीचे हैं। ग्रामीण भारत, जो देश की बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है, वहां बीमा की पहुंच बेहद सीमित है। जीवन बीमा के कुछ प्रसार के बावजूद स्वास्थ्य, फसल और संपत्ति बीमा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसा क्यों है कि विकास की रफ्तार के साथ बीमा का दायरा नहीं बढ़ पा रहा?

इसका पहला और सबसे बड़ा कारण है- जागरूकता की कमी। देश के बड़े हिस्से को आज भी यह समझ नहीं है कि बीमा आखिर है क्या और यह उनके जीवन में किस तरह सुरक्षा प्रदान कर सकता है। गांवों में तो बीमा को अक्सर ठगी या धोखे के रूप में देखा जाता है। एजेंटों द्वारा गलत जानकारी देना, पॉलिसी की शर्तों को स्पष्ट न करना और क्लेम के समय होने वाली परेशानियां लोगों के मन में अविश्वास पैदा करती हैं। परिणामस्वरूप, लोग बीमा से दूरी बनाए रखना बेहतर समझते हैं। दूसरा बड़ा कारण है, आर्थिक प्राथमिकताएं। जब किसी परिवार की आय सीमित हो और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना ही चुनौती हो, तब बीमा जैसी चीज उनके लिए प्राथमिकता में नहीं आती। आम भारतीय के लिए पहले भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की जरूरतें हैं; बीमा उसके बाद आता है। यह सोच गलत नहीं है लेकिन यह भी सच है कि एक छोटी-सी दुर्घटना या बीमारी पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को हिला सकती है और यही वह जगह है जहां बीमा की जरूरत सबसे ज्यादा होती है। तीसरा कारण है, बीमा उत्पादों की जटिलता। बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाने वाले उत्पाद आम लोगों की समझ से परे होते हैं। लंबी-चौड़ी शर्तें, तकनीकी भाषा और अस्पष्ट लाभ- ये सब मिलकर बीमा को एक कठिन और उलझा हुआ उत्पाद बना देते हैं। एक साधारण व्यक्ति के लिए यह समझना मुश्किल होता है कि कौन-सी पॉलिसी उसके लिए सही है। इस जटिलता का फायदा कई बार एजेंट उठाते हैं और ग्राहक को ऐसी पॉलिसी बेच दी जाती है, जो उसकी जरूरतों के अनुकूल नहीं होती। इसके साथ ही, दावा निपटान की प्रक्रिया भी बीमा से आमजनों की दूरी का एक बड़ा कारण है। अक्सर सुनने को मिलता है कि क्लेम के समय कंपनियां तकनीकी कारणों का हवाला देकर दावे खारिज कर देती हैं या प्रक्रिया को इतना लंबा कर देती हैं कि ग्राहक थक हार कर पीछे हट जाता है। इस तरह के अनुभव समाज में तेजी से फैलते हैं और लोगों के मन में धारणा बन जाती है कि बीमा केवल पैसे वसूलने का माध्यम है, न कि संकट के समय सहायता का। वितरण प्रणाली की कमजोरी भी अहम कारण है। बीमा अब भी बड़े पैमाने पर एजेंट आधारित मॉडल पर निर्भर है, जिसकी पहुंच सीमित है। ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में एजेंटों की कमी है और जहां हैं भी, वहां उनकी प्राथमिकता कमीशन कमाना होता है, न कि ग्राहक को सही सलाह देना। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के आने से स्थिति में कुछ सुधार जरूर हुआ है लेकिन डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण इसका लाभ हर वर्ग तक नहीं पहुंच पा रहा। इन सबके बीच सामाजिक और सांस्कृतिक कारक भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। भारतीय समाज में अक्सर भविष्य की अनिश्चितताओं को भगवान की मर्जी मान लिया जाता है। जोखिम प्रबंधन की सोच अभी भी व्यापक नहीं हो पाई है। लोग यह मानते हैं कि बुरा वक्त आएगा तो किसी न किसी तरह संभाल लिया जाएगा- पर यह सोच कई बार भारी पड़ जाती है। हालांकि, हाल के वर्षों में सरकार ने बीमा को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब और निम्न आय वर्ग को बीमा के दायरे में लाने की कोशिश की है।

## सेहत मंत्र

# गैस की समस्या को दूर करता है पवनमुक्तासन

कई बार व्यक्ति को पेट फूलना या गैस की समस्या उत्पन्न होती है। गलत खानपान व अत्यधिक तनाव के चलते कई बार गैस्ट्रिक समस्याएं व्यक्ति को परेशान करती हैं। दरअसल, जब आंत के बैक्टीरिया भोजन को तोड़कर उसे ठीक तरह से पचाने में असमर्थ होते हैं, तभी यह गैस्ट्रिक समस्याएं होती हैं। आमतौर पर, लोग इस समस्या से निजात पाने के लिए दवाई का सेवन करते हैं, लेकिन इसके लिए योग का सहारा भी लिया जा सकता है। वैसे तो भोजन के बाद वज्रासन का अभ्यास पाचन में मददगार साबित होता है, लेकिन इसके अलावा गैस्ट्रिक समस्याओं के इलाज के पवमुक्तासन का अभ्यास करना सर्वोत्तम माना जाता है। पवनमुक्तासन का अभ्यास करने के लिए सर्वप्रथम पीठ के बल शवासन की मुद्रा में लेट जाएं। अब धीरे धीरे घुटने को मोड़कर तलवे को ज़मीन पर टिकाएं। तत्पश्चात दोनों हाथों से घुटने को ऊपर से पकड़ें और सांस लेते हुए पैर के घुटनों को सीने से लगाएं और 10-20 सेकेंड तक सांस रोक कर रखें। इसके बाद आप घुटने को दोनों हाथों से मुक्त करें फिर सांस छोड़ते हुए पैरों को सीधा करके सामान्य स्थित मिं लौट आएं. इस क्रिया को 4-5 बार दोहराएं। एक-एक करके दोनो पैरो से करें। हालांकि यह आसन पेट के लिए काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन फिर भी इसका अभ्यास करते समय आपको कुछ सावधानी बरतनी चाहिए। मसलन, अगर आपको कमर दर्द या फिर घुटने में तकलीफ हो तो आपको इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। इसके अलावा हर्निया के मरीज व महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान इस आसन का अभ्यास करने से बचना चाहिए। इतना ही नहीं, अगर आपको किसी तरह की शंका हो या फिर आप बिगनर हैं तो आपको किसी योग विशेषज्ञ की देख-रेख में ही आसन का अभ्यास करना चाहिए। वैसे तो पवनमुक्तासन उदर संबंधी रोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी माना गया है। लेकिन इसके अलावा भी पवनुक्तासन का अभ्यास करने से आपको कई लाभ मिलते हैं। पेट की बढ़ी हुई चर्बी को कम करने के लिए भी यह बहुत ही लाभप्रद है। वहीं कमर दर्द, साइटिका, हृदय रोग, गठिया में भी यह आसन लाभकारी होता है।

## धर्म मंत्र

# वैशाख अमावस्या को दान-पुण्य से पितृ होते हैं प्रसन्न

वैशाख मास की अमावस्या को सतुवाई अमावस्या भी कहा जाता है। इस अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान कर पितरों की मुक्ति के लिए विभिन्न प्रकार के श्राद्ध कर्म किए जाते हैं, तो आइए हम आपको वैशाख अमावस्या की पूजा-विधि और महत्व के बारे में बताते हैं। अमावस्या के दिन पितृरों के तर्पण के साथ ही शनि जयंती भी मनायी जाती है। साथ ही ऐसी मान्यता है कि इसी त्रेतायुग का भी प्रारम्भ हुआ था। वैशाख महीने का महत्व इसलिए क्योंकि यह बहुत पवित्र महीना माना जाता है। इसके अलावा दक्षिण में कुछ स्थानों पर वैशाख अमावस्या के दिन शनि जयंती मनाई जाती है। इस दिन शनि भगवान की पूजा कर पीपल के पेड़ में जल अर्पित किया जाता है। वैशाख अमावस्या से सम्बन्धित एक पौराणिक कथा प्रचलित है। उस कथा के अनुसार प्राचीन काल में धर्मवर्ण नामक का एक ब्राह्मण रहता था। वह बहुत धार्मिक प्रवृत्ति का था। अपने स्वभाव के कारण वह साधु-संतों का बहुत आदर करता था। उसने किसी से सुना कि कलयुग में विष्णु भगवान का स्मरण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह बात सुनकर उसने संन्यास ले लिया और यहां-वहां भ्रमण करने लगा। इस प्रकार भ्रमण करते हुए वह पितृलोक पहुंच गया। पितृलोक पहुंचने के बाद उसने देखा कि उसके पितृ बहुत दुखी है और परेशान हो रहे हैं। इस पर उसने अपने पितरों से दुख का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि वह धर्मवर्ण के सन्यास लेने के कारण बहुत दुखी है। अगर धर्मवर्ण सन्यास छोड़ कर गृहस्थ बन जाए तो और बच्चे पैदा करे तो उन्हें मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा धर्मवर्ण अगर वैशाख अमावस्या पर श्राद्ध तथा तपर्ण करें तो वह सुखी रहेंगे।

## पर्यटन



# खजुराहो के मंदिरों के दर्शन के बिना अधूरा है भारत भ्रमण

वह दिन आज भी मेरे स्मृति पटल पर तैर जाता है जब अपने मित्रों के साथ झांसी से प्रातः बस से रवाना होकर करीब चार धंटे का सफर तय कर विश्व में बेमिसाल कला के प्रतिमान मंदिरों की धरती खजुराहो पर कदम रखा था। मंदिरों के आसपास ही ठहरने के लिए दो कमरे लिए और अल्पाहार कर हम चल पड़े खजुराहो के मंदिरों के दर्शन करने के लिये। सबसे पहले हमारे सामने थे पश्चिम मंदिर समूह परिसर के एक विशाल उद्यान में ऊंचे शिखर वाले अनेक मंदिर जो ऊँचे चबूतरों पर बने हैं। हमारी मंदिर यात्रा का पहला मंदिर था मंतगेश्वर जो सबसे प्राचीन मंदिर है। पिरामिड शैली में बने मंदिर के गर्भगृह में करीब एक मीटर व्यास का ढाई मीटर ऊंचा शिवलिंग देखते ही बनता है। इसे 920 ई. में राजा हर्षवर्मन ने बनवाया था। इसके समीप ही स्थित विशाल लक्ष्मण मंदिर पंचायतन शैली में बना है जिसके चारो कोनों पर एक-एक उप मंदिर बने हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर रथ पर सवार सूर्यदेव नज़र आते हैं। मंदिर की बाह्य दीवारों पर असंख्य मूर्तियां उत्कीर्ण हैं। मूर्तियों की भाव-भंगिमाएं, सुंदरता देखते ही बनती है। तीन कतारों में प्रमुख मूर्तियों की श्रृंखला है। कुछ कतारें छोटी मूर्तियों की हैं। मध्य ताखों में देव प्रतिमाएं हैं। नृत्य, संगीत, युद्ध, शिकार आदि प्रतिमाओं में तत्कालीन जीवन के दर्शन होते हैं। अन्य मूर्तियों में विष्णु, शिव, अग्निदेव, गंधर्व, सुर-सुंदरी, देवदासी, तांत्रिक, पुरोहित, और काम कला की प्रतिमायें हैं। एक मूर्ति में नायक-नायिका द्वारा एक-दूसरे को उत्तेजित करने के लिये नख-दंत का प्रयोग कर रहे हैं। मंदिर के गर्भगृह में भगवान विष्णु की त्रिमूर्ति प्रतिमा विराजित है। अंदर की दीवारों पर भी मूर्तियों का खजाना है। मंदिर के चबूतरे पर भी विविध विषयों के साथ सामूहिक मैथुन की मूर्तियां अद्भुत शिल्प लिये हैं। मंदिर के सामने लक्ष्मी मंदिर एवं वराह मंदिर बने हैं।

# छप्पर मे लगी भीषण आग हजारों का नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ढेखवामाफी गांव में गुरुवार दोपहर आग लगने से पांच छप्परनुमा मकान जल गए। इस घटना में जसकरण और उनके चार बेटों के घरों का हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। एक भैंस का पड़वा भी झुलस गया।आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि, तेज हवा के कारण आग तेजी से फैली और जसकरण तथा उनके बेटों इंद्रसेन,रमेश, कमलेश, बृजमोहन छप्परनुमा मकानों को अपनी चपेट में ले लिया।आग की चपेट में आने से इन सभी परिवारों का राशन, घर-गृहस्थी का सामान, जेवर और अन्य कीमती वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। पीड़ित परिवारों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था।फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी रामसनेही ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजे की मांग की है।गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रशासन ने आम जनता से सावधानी बरतने और खाना बनाते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।सिरौली गौसपुर के तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना पर नायब तहसीलदार व लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन करवाया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

# खुशनुमा माहौल मे जियारत के लिए जत्था रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। बेतुल्लाह शरीफ़ की जियारत के लिए कस्बा शहाबपुर से हुज्जाज-ए-इकराम का 11 सदस्यों का जत्था गुरुवार की शाम हज हाउस लखनऊ के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर पूरे कस्बे में खुशनुमा और रूहानी माहौल देखने को मिला। गली-मोहल्लों में ल्लअल्लाहुम्मा लब्बैकङ्क की सदाएं गूंजती रहीं और लोग हाजियों को दुआओं के साथ विदा करने पहुंचे। मुस्लिम समुदाय में हज अदा करने के लिए जायरीन सऊदी अरब जाकर हज के अरकान पूरा करते हैं जिसके बाद उन्हें 'हाजी' होने का शर्फ हासिल होता है। शहाबपुर से रवाना हुए जत्थे में मोहम्मद रफीक अंसारी, मोहम्मद उबेद अंसारी, अहिल्या, मोहम्मद आमिर, अहिल्या, हाफ़िज़ नुरुलहुदा, अहिल्या, मोहम्मद मतीन, अहिल्या और मोहम्मद सलाहुद्दीन अंसारी व अहिल्या सहित कुल 11 लोग शामिल हैं।

हाजियों की रवानगी के दौरान गांव में खुशी, मेल-मिलाप और दुआओं का सिलसिला चरम पर रहा।

परिजनों और स्थानीय लोगों ने गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी और सकुशल हज अदा कर लौटने की दुआ की।

## महादेवा कॉरिडोर ने पकड़ी रफ्तार: प्राचीन तीर्थ की बदलेगी तस्वीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। महादेवा धाम स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर के लिए प्रस्तावित 48.79 करोड़ की भव्य कॉरिडोर परियोजना ने अब तेज गति पकड़ ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्राथमिकता में चल रहे इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कॉरिडोर के प्रथम गेट की नींव के लिए पायलिंग कार्य जोर-शोर से जारी है और अब तक 164 पाइल पूरे किए जा चुके हैं। हाल ही में नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निरीक्षण के बाद कार्य में और तेजी आई है, जिससे परियोजना के समयबद्ध पूर्ण होने की उम्मीद बढ़ गई है।

इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने पर महादेवा धाम आने वाले श्रद्धालुओं को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, क्षेत्रीय पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले ।

# पोषण पखवाड़ा का समापन, गोद भराई व अन्नप्राशन संस्कार दिया पोषण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। आंगनबाड़ी केंद्र सिरौलीगौसपुर में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन गुरुवार को उत्साहपूर्वक किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सुपरवाइजर अर्चना सिंह एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा यादव की मौजूदगी में दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। लाभार्थियों को पोषाहार, फल और श्रृंगार सामग्री भेंट कर स्वस्थ मातृत्व के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी आयोजित किया गया। माताओं को बताया गया कि छह माह के बाद स्तनपान के साथ-साथ ऊपरी आहार शुरू करना बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कुपोषण को समाप्त करने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने आयरन-फोलिक एसिड की गोलियों के नियमित सेवन, समय पर टीकाकरण और स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी पात्र लाभार्थियों से आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का नियमित उपयोग करने की अपील की। पोषण पखवाड़ा के तहत क्षेत्र में जागरूकता रैलियां, वजन दिवस और पोषण मेले जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सहायिकाएं, आशा बहुएं और बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। 25 से 27 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाली होमगार्ड स्वयंसेवक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज (बालक/बालिका) और जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सहित अन्य केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और शासन की एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पेयजल, छाया, शौचालय, बिजली, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए गए, खासकर गर्मी को देखते हुए।

जिलाधिकारी के अनुसार परीक्षा जनपद के 8 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 17,856 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सुरक्षा और सुचारु संचालन के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, साथ ही 198 पुलिसकर्मी और अतिरिक्त मोबाइल पुलिस बल की भी व्यवस्था की गई है।

### मारपीट मे एक घायल , मामला दर्ज

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम डेढ़वा मे दबँग भाई एव भतीजे ने ट्रैक्टर ट्राली मे भूसा लेकर जा रहे किसान की लाठी डंडा से पीट कर अधमरा कर दिया पीड़ित की तहरीर पर मसौली पुलिस ने पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है ।

डेढ़वा निवासी प्रेमचंद पुत्र रामसरन बुधवार की शाम को अपने ट्रैक्टर ट्राली मे भूँसा ले कर घर जा रहे थे रास्ते मे सगे भाई उमेश पुत्र राम सरन का केबिल ट्रैक्टर मे फंस गया जिसको लेकर भाई उमेश व उसके पुत्र अर्पित ने मिलकर प्रेमचंद्र को लाठी डंडो एव लोहे के राड से हमला कर दिया जिससे किसान प्रेमचंद्र के सिर मे गंभीर चोट आयी है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घायल का सीएचसी बड़ागांव मे चिकत्सीय परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मॉडिफाइड साइलेंसर पर सख्ती: 18 वाहनों के चालान, दुकानों-वर्कशॉप में छापेमारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में बढ़ते शोर प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए परिवहन और यातायात विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न की बिक्री व उपयोग के खिलाफ की गई इस कार्रवाई में 18 वाहनों का चालान किया गया, जबकि कई दुकानों और वर्कशॉप की तलाशी ली गई।

अभियान के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) अंकिता शुक्ला और यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम ने बुलेट मोटरसाइकिल के वर्कशॉप समेत ऑटो पार्ट्स की दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी। पटेल तिराहा पर विशेष चेकिंग अभियान के तहत साउंड लेवल मीटर से 15 बुलेट मोटरसाइकिलों की ध्वनि जांच की गई, जिनमें मानक से अधिक आवाज मिलने पर भारी जुर्माना लगाया गया। वहीं, यात्री मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी ने 3 वाहनों के अवैध साइलेंसर मौके पर उतरवाकर चालान किया और दोबारा उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। शोर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### तहसील बार चुनाव की गतिविधियां तेज

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामनगर में बार एसोसिएशन चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया एल्डर्स कमेटी की निगरानी में शुरू हो गई है।आगामी 30 अप्रैल को होने वाले चुनाव हेतु 28 अप्रैल तक नामांकन किए जाएंगे।अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री कोषाध्यक्ष आदि पदों पर कई चर्चित उम्मीदवार मैदान में हैं जिससे मुकाबला रोचक होने की संभावना है।वहीं अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है कमेटी से चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने की अपील की गई है।

### तिलोई में जनगणना प्रशिक्षण में अव्यवस्था पर प्रशिक्षार्थियों ने जताई नाराजगी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीएमएस बालिका इण्टर कालेज तिलोई में जनगणना में लगाये गये कर्मचारियों के प्रशिक्षण में बड़े पैमाने पर अनियमितता उजागर हुई है। चिलचिलाती धूप और बेतहाशा गर्मी में बिजली चले जाने पर जनरेटर नही चलाया जाता है और दोपहर के भोजन में पूड़ी सब्जी और एक लडडू के साथ ही जलपान में चाय पकौड़ी प्रदान किये जाने का मामला सामने आया है और पानी की किल्लत से भी प्रशिक्षणार्थियों को जूझना पड़ रहा है लेकिन कागजों पर प्रशिक्षण चकाचक दिखाकर सरकारी खजाने को खाली किया जा रहा है। तहसील प्रशासन की इस कार्यशैली से खफा प्रशिक्षणार्थियों ने नाराजगी जाहिर करते हुये गम्भीर आरोप लगाया है। बताते चलें कि तहसील तिलोई में जनगणना के लिये बीती बारह अप्रैल से प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ है जो कि आगामी बीस जून तक चलेगा। जनगणना प्रशिक्षण में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के साथ ही राजस्व और ब्लाक कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रातः दस बजे से पांच बजे तक दिया जाता है।जनगणना प्रशिक्षण के पांचवें दिन गुरुवार को दो सौ चौंतीस प्रशिक्षणार्थियों को बारह प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग देने हेतु लगाया गया है। राष्टीय शैक्षिक महासंघ तिलोई के अध्यक्ष संतोष तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण स्थल पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है यहां पर अगर बिजली चली जाती है तो जनरेटर तक नही चलाया जाता है और जलपान में चाय पकौड़ी के साथ ही दोपहर के भोजन में मिठाई के डिब्बे में पैक चार पूड़ी सब्जी के साथ ही एक लडडू दिया जाता है इसके अलावा प्रशिक्षणार्थियों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सीतापुर समेत अन्य जनपदों में चल रहे जनगणना प्रशिक्षण में भोजन की गुणवत्ता काफी बेहतर है लेकिन यहां पर केवल सरकारी धन को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है।

# बाराबंकी की बेटियों का जलवा: यूपी बोर्ड मेरिट में चमका जनपद, 5 छात्राओं ने रचा इतिहास

कैनविज टाइम्स संवाददाता









बाराबंकी । गुरुवार को घोषित यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जनपद की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट–दोनों ही परीक्षाओं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में जगह बनाई और पूरे जनपद का नाम रोशन किया।


कस्बा जैदपुर स्थित मार्डन एकेडमी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने हाईस्कूल में बेहतरीन सफलता हासिल की। अंशिका वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, इसी विद्यालय की कुमारी अदित्ती ने 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा परी वर्मा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में जश्न का माहौल रहा–शिक्षक, सहपाठी और अभिभावक सभी गर्व से अभिभूत दिखे।

उधर, शहर के लखपेड़ाबाग स्थित महारानी लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज भी इंटरमीडिएट परिणाम में चर्चा का केंद्र बना रहा। यहां की तीन छात्राओं ने टॉप-टेन सूची में जगह बनाकर जिले की शान बढ़ाई। श्रेया वर्मा ने 97.20 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूजा पाल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय तथा अर्पिता जायसवाल ने 96.80 प्रतिशत अंक पाकर चौथा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रबंधक रामकिशोर शुक्ला ने छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। पूरे जनपद में इन बेटियों की सफलता की चर्चा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

# थॉमस-उबर कप में सिंधु, सेन के दम पर भारत की खिताबी दावेदारी, साई ने दी 1.45 करोड़ रुपये की मदद

एजेंसी



नई दिल्ली । भारतीय बैडमिंटन टीम आगामी बीडब्ल्यूएफ थॉमस एवं उबर कप फाइनल्स में दमदार प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। इस प्रतिष्ठित टीम चैंपियनशिप का आयोजन 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेन्स में किया जाएगा। टूर्नामेंट से पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने टीम को 1.45 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की है।


भारत के 34 सदस्यीय दल में 20 खिलाड़ी, पांच कोच और नौ सपोर्ट स्टाफ हैं। टीम में पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उभरते प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी शामिल हैं। टीम में टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के कोर और डेवलपमेंट ग्रुप के कई खिलाड़ी भी मौजूद हैं। थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम को कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और चीन के साथ ग्रुप में रखा गया है, जबकि उबर कप में भारतीय महिला टीम डेनमार्क, यूक्रेन और चीन से भिड़ेगी। भारत ने 2022 में इतिहास रचते हुए इंडोनेशिया को हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीता था, जिससे देश ने पुरुष टीम बैडमिंटन में अपनी वैश्विक पहचान मजबूत की।

साई की ओर से स्वीकृत 1.45 करोड़ रुपये की सहायता में खिलाड़ियों और स्टाफ के हवाई यात्रा, आवास, वीज़ा, एक्रेडिटेशन, दैनिक भत्ता, भोजन, बीमा और अन्य खर्च शामिल हैं। इसके अलावा टीम के साथ विशेषज्ञ कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, ट्रेनर और मसाजर भी भेजे गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को हर स्तर पर बेहतर समर्थन मिल सके। गौरतलब है कि 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन शामिल नहीं है, ऐसे में थॉमस और उबर कप भारतीय बैडमिंटन के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाते हैं। वहीं, 2030 में भारत में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में बैडमिंटन की वापसी की उम्मीद है।

थॉमस कप टीमः लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, किदांबी श्रीकांत, एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज, सात्विकसाईराज, चिराग शेट्टी, हरिहरन अम्साकरुणन, एम आर अर्जुन, ध्रुव कपिला। उबर कप टीमः पीवी सिंधु, उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, ईशरानी बरुआ, देविका सिहाग, गायत्री गोपीचंद, त्रेशा जॉली, एस काविप्रिया, सिमरन सिंघी, तनिषा क्रिस्टो।

# दीपिका और तरुणदीप ने तीरंदाजी को राष्ट्रमंडल खेल 2030 में फिर से शामिल किए जाने को लेकर जताई उम्मीद

एजेंसी



नई दिल्ली । भारत साल 2030 में अहमदाबाद (गुजरात) में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। प्रस्तावित आयोजन को 2026 में ग्लासगो में होने वाले सीमित संस्करण की तुलना में अधिक विस्तृत और भव्य बनाने की योजना है। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों (23 जुलाई‌ऽ2 अगस्त) में केवल 10 खेल और 6 पैरा स्पोर्ट्स शामिल होंगे, जबकि 2030 संस्करण में शूटिंग, कुश्ती, बैडमिंटन और तीरंदाजी जैसे प्रमुख खेलों की वापसी की संभावना जताई जा रही है। भारतीय तीरंदाजी की दिग्गज खिलाड़ी दीपिका कुमारी और अनुभवी तीरंदाज तरुणदीप राय ने 2030 में तीरंदाजी को फिर से शामिल किए जाने को लेकर आशा व्यक्त की है। दीपिका कुमारी, जिन्होंने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में महिला व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया था, ने साई मीडिया के हवाले से कहा, ल्ल2010 राष्ट्रमंडल खेल मेरे करियर के लिए बहुत बड़ा मोड़ था, क्योंकि 16 साल की उम्र में मैंने उस खेल में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जो उस समय ज्यादा लोकप्रिय नहीं था। उस समय मैं अपनी उपलब्धि का महत्व पूरी तरह नहीं समझ पाई थी, लेकिन मेरे अनुसार उस जीत के बाद भारत में तीरंदाजी को काफी बढ़ावा मिला। बहुत से लोगों को इस खेल के बारे में जानकारी मिली और देश में अन्य खेलों के प्रति भी जागरूकता बढ़ी, क्योंकि लोगों ने उन्हें करीब से देखा।

उन्होंने आगे कहा, ल्लजिस तरह 2010 में हमने राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था, मुझे विश्वास है कि 2030 का आयोजन उससे भी बड़ा और बेहतर होगा। हम तीरंदाज लंबे समय से इस बहु-देशीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाए हैं और उम्मीद है कि 2030 में तीरंदाजी की वापसी होगी। वहीं, तीन बार के ओलंपियन तरुणदीप राय ने कहा, ल्ल2010 राष्ट्रमंडल खेल मेरे लिए बेहद खास अनुभव था। उसके बाद मैंने तीरंदाजी के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखा। बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ और खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता व ज्ञान में भी वृद्धि हुई। उस समय देश में करीब 400 तीरंदाज थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 30,000 से अधिक सक्रिय तीरंदाजों तक पहुंच गई है।

# थॉमस और उबर कप 2026: पुरुष टीम इतिहास दोहराने को तैयार, महिला टीम की निगाह मजबूत प्रदर्शन पर

नई दिल्ली ।थॉमस और उबर कप 2026 में भारतीय बैडमिंटन टीम एक बार फिर दमदार प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। जहां पुरुष टीम खिताब दोहराने की कोशिश करेगी, वहीं महिला टीम से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। भारतीय पुरुष टीम अपने अभियान की शुरुआत शुक्रवार को कनाडा के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और 29 अप्रैल को चीन से भिड़ेगी।



चार साल पहले भारत ने इतिहास रचते हुए पहली बार थॉमस कप खिताब जीता था, जिसे बैडमिंटन का वर्ल्ड टीम चैंपियनशिप माना जाता है। उस समय किदांबी श्रीकांत, एच.एस. प्रणय, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क, मलेशिया और इंडोनेशिया जैसी टीमों को हराया था। हालांकि, दो साल बाद खिताब बचाने का सपना चीन के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में टूट गया। इस बार भारतीय टीम उसी कोर के साथ उतर रही है, जिसमें युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी का उत्साह भी शामिल है। आयुष ने हाल ही में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 61 साल बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव हासिल किया। वहीं लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में लगातार दूसरा उपविजेता स्थान हासिल किया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी चोट से उबरकर वापसी कर रही है, जिससे टीम और मजबूत नजर आ रही है। हालांकि, किदांबी श्रीकांत और एच.एस. प्रणय हालिया फॉर्म में संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में युवा खिलाड़ियों पर ज्यादा जिम्मेदारी होगी। ग्रुप ए में भारत को कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और 11 बार की चैंपियन चीन जैसी मजबूत टीमों से चुनौती मिलेगी। टीम के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने की उम्मीद है, हालांकि कनाडा के विक्टर लाई और ब्रायन यांग जैसे खिलाड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। महिला वर्ग के उबर कप में भारतीय टीम की राह थोड़ी कठिन नजर आ रही है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु की अगुवाई में टीम 24 अप्रैल को डेनमार्क, 25 अप्रैल को यूक्रेन और 27 अप्रैल को चीन से भिड़ेगी।

# एनआरएआई नेशनल जजेस कोर्स 2026 की नई दिल्ली में शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली । नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) का नेशनल जजेस कोर्स 2026, जो एनआरएआई एजुकेशन प्रोग्राम के तहत इस वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय जजेस कोर्स है, दिल्ली एनसीआर के गोल्डफिंच होटल में बुधवार को शुरू हुआ। 26 अप्रैल तक चलने वाला यह कोर्स देशभर से इच्छुक और मौजूदा तकनीकी अधिकारियों को एक मंच पर ला रहा है। उद्घाटन समारोह में एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार सिंह और सचिव राजीव भाटिया उपस्थित रहे, जिन्होंने औपचारिक रूप से कोर्स का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का संचालन विशेषज्ञ धीरज सिंह और अरुण वरेशी द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को शूटिंग खेलों में निर्णयन (ऑफिशिएटिंग) के तकनीकी और



व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराएंगे। यह पहल भारत में शूटिंग के तकनीकी ढांचे को मजबूत करने और प्रशिक्षित व सक्षम जज तैयार करने की एनआरएआई की निरंतर कोशिशों का हिस्सा है। इस कोर्स के प्रतिभागियों को जून 2026 में आयोजित होने वाले आगामी आईएसएसएफ 'बी' जजेस कोर्स में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा।


प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पवन कुमार सिंह ने प्रतियोगिताओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने में जजों और ज्यूरी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शूटिंग भारत के सबसे सफल ओलंपिक खेलों में से एक है, ऐसे में उच्च स्तर बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित तकनीकी अधिकारियों का योगदान और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। इस अवसर पर उन्होंने एनआरएआई की विरासत का भी उल्लेख करते हुए कहा, ल्लएनआरएआई की स्थापना 1951 में महान हस्तियों जैसे जी.वी. मावलंकर, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री जी.बी. पंत और महाराष्ट्र के पहले मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय नेताओं के नेतृत्व में हुई थी। 75 वर्ष पूरे करने के इस अवसर पर हम उनके दृष्टिकोण और मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि एनआरएआई ने इस वर्ष 7.5 लाख नए स्कूली छात्रों को शूटिंग से परिचित कराने का लक्ष्य रखा है, जिससे जमीनी स्तर पर प्रतिभा को विकसित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षित जज और अधिकारी इस विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और सभी स्तरों पर उच्च गुणवत्ता वाली प्रतियोगिताओं को सुनिश्चित करेंगे। एनआरएआई नेशनल जजेस कोर्स भारतीय शूटिंग में एक मजबूत और पेशेवर ऑफिशिएटिंग ढांचा तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बना हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अगली पीढ़ी के तकनीकी अधिकारियों को तैयार करने में मदद करेगा।

# आईपीएल 2026: दिल्ली कैपिटल्स के लिए वापसी को तैयार मिचेल स्टार्क, राजस्थान के खिलाफ 1 मई को खेल सकते हैं मैच

एजेंसी

नई दिल्ली,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को बड़ी राहत मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति दे दी है और वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में उपलब्ध रह सकते हैं।



स्टार्क जनवरी से कोहनी और कंधे की चोट के कारण मैदान से बाहर चल रहे थे। उन्होंने इससे पहले एशेज सीरीज के सभी पांच टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए पांच मैच भी खेले थे। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्क भारत पहुंचकर धीरे-धीरे अपनी फिटनेस और वर्कलोड बढ़ाएंगे और 1 मई को दिल्ली कैपिटल्स के लिए इस सीजन में अपना पहला मैच खेल सकते हैं। आईपीएल के शुरुआती चरण से उनकी गैरमौजूदगी को लेकर विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठे थे। इस पर स्टार्क ने सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, ल्लभारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा दिए जा रहे विचारों और बयानों के बावजूद, मैं इस समय अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और उसे संभालने की प्रक्रिया में हूं। ऑस्ट्रेलियाई समर के दौरान मुझे इसकी गंभीरता का पूरा अंदाजा नहीं था। इन लोगों ने आईपीएल में भागीदारी को लेकर कई कड़े बयान दिए हैं और खिलाड़ियों के बारे में गलत जानकारी को तथ्यों की तरह पेश किया है। ऐसा भी दावा किया गया है कि वे मेरे शरीर को मुझसे बेहतर जानते हैं। पिछले सीजन में स्टार्क ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए 11 मैचों में 14 विकेट लेकर तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की थी। वर्तमान सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया हुआ है।

# आक्रामकता हमारी सोच, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार ढलना हमारी ताकत : रजत पाटीदार

एजेंसी

बेंगलुरु । इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टीम की सफलता का श्रेय आक्रामक सोच के साथ लचीले दृष्टिकोण को दिया है। उन्होंने कहा कि टीम का लक्ष्य दबदबा बनाना है, लेकिन परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक छह मैचों में आठ अंक हासिल करते हुए शानदार शुरुआत की है। कप्तान पाटीदार खुद भी बेहतरीन फॉर्म में हैं और उन्होंने छह मैचों में 230 रन 212.96 के शानदार स्ट्राइक रेट से बनाए हैं, जिसमें 22 छक्के शामिल हैं। पाटीदार ने अपने बल्लेबाजी में बदलाव को लेकर कहा कि सबसे बड़ा सुधार मानसिक स्तर पर आया है। उन्होंने बताया कि खेल को समझने और खुद को परिस्थितियों में देखने के नजरिए ने उनके प्रदर्शन को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि मानसिक स्पष्टता के बाद तकनीकी बदलाव अपने आप आ गए और उन्होंने कुछ तकनीकी पहलुओं पर काम करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया।

टीम की आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति पर पाटीदार ने कहा कि कोई तय योजना नहीं होती, बल्कि यह खिलाड़ियों की परिस्थिति के अनुसार निर्णय लेने और अपनी सहज प्रवृत्ति पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी बताया कि साझेदारी के दौरान खिलाड़ियों के बीच स्पष्ट संवाद बेहद जरूरी होता है, जिससे गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाया जा सके। अपनी कप्तानी शैली के बारे में पाटीदार ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह खुद को ल्लगेंदबाजों का कप्तानङ्क मानते हैं। उनका मानना है कि टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों पर अधिक दबाव होता है, इसलिए उन्हें सकारात्मक माहौल देना जरूरी है। उन्होंने वरिष्ठ खिलाड़ियों से सीखने की बात भी कही और बताया कि अनुभवी खिलाड़ियों को देखकर उन्होंने वर्तमान में रहने और केवल अपने नियंत्रण वाली चीजों पर ध्यान देने की आदत विकसित की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल : चेन्नई सुपर किंग्स ने आयुषम्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में लिया

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बड़ा बदलाव करते हुए युवा बल्लेबाज़ आयुष म्हात्रे के स्थान पर तेज़ गेंदबाज़ आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया है। आयुष म्हात्रे बाएं हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट के शेष मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ आकाश मधवाल इससे पहले मुंबई इंडियंस (2023, 2024) और राजस्थान रॉयल्स (2025) का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने अब तक 17 आईपीएल मैचों में 23 विकेट अपने नाम किए हैं। मधवाल के नाम एक शानदार पांच विकेट हॉल भी दर्ज है, जब उन्होंने अपने डेब्यू सीज़न में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में 5 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वहीं, भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने इस सीज़न में सीएसके के लिए बेहतरीन शुरुआत की थी। उन्होंने 6 मैचों में दो अर्धशतक लगाते हुए टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाज़ी करते हुए चोटिल हो गए। चेन्नई सुपर किंग्स ने आकाश मधवाल को 30 लाख रुपये की राशि में टीम से जोड़ा है और टीम को उम्मीद है कि वह अपनी गेंदबाज़ी से आगामी मैचों में अहम भूमिका निभाएंगे।

### एएम ग्रीन आईजीपीएल: आर्यन रूपा आनंद ने कांगो में जीता पहला खिताब, प्ले-ऑफ में उदयन माने को हराया

लुबुंबाशी (कांगो) । एएम ग्रीन इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) इनविटेशनल कांगो में भारत के युवा गोल्फर आर्यन रूपा आनंद ने अपना पहला खिताब जीत लिया। लुबुंबाशी के पार-73 गोल्फ कोर्स पर खेले गए इस टूर्नामेंट में आर्यन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्ले-ऑफ में उदयन माने को हराया।

आर्यन ने अंतिम दिन 8-अंडर 65 का बेहतरीन कार्ड खेलते हुए कुल 16-अंडर स्कोर बनाया। वहीं उदयन माने ने भी जोरदार वापसी करते हुए 17वें होल पर ईगल और 18वें होल पर बर्डी लगाकर स्कोर बराबर कर दिया, जिससे मुकाबला प्ले-ऑफ में पहुंच गया। पहले दो प्ले-ऑफ होल में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर रहे, लेकिन तीसरे होल में आर्यन ने बढ़त बनाते हुए जीत अपने नाम कर ली।

यह जीत आर्यन के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है और इसके लिए उन्हें 22.5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिली। शौर्य बीनू 15-अंडर स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं मन्नत बरार 13-अंडर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी बनीं। अन्य खिलाड़ियों में अमन राज और तुषार पन्नू भी 13-अंडर स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहे। टीम स्पर्धा में एट्री मुंबई ने 32-अंडर स्कोर के साथ खिताब जीता और ओवरऑल स्टैंडिंग में बढ़त हासिल कर ली। टीम की जीत में उदयन माने, तुषार पन्नू और अमन राज का अहम योगदान रहा। ओवरऑल अंक तालिका में एट्री मुंबई 270 अंकों के साथ पहले स्थान पर है, जबकि ग्रीन फ्यूल्स विजाग 220 अंकों के साथ दूसरे और आरवीआर दिल्ली 210 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

मैसूर में जन्मे आर्यन रूपा आनंद ने कम उम्र में गोल्फ खेलना शुरू किया और 2023 में प्रोफ़ेशनल बनने के बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। कई बार खिताब के करीब पहुंचने के बाद उन्होंने कांगो में आखिरकार अपनी पहली बड़ी जीत दर्ज की। एएम ग्रीन आईजीपीएल भारत में गोल्फ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक पेशेवर लीग है, जिसमें पुरुष और महिला खिलाड़ी एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं।

### आईपीएल 2026 : राजस्थान रॉयल्स की दमदार जीत, लखनऊ सुपरजायंट्स को 40 रन से हराया

लखनऊ । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में खेले गए 32वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 40 रनों से हरा दिया है। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 159 रन बनाए, जिसके जवाब में लखनऊ की पूरी टीम 119 रन पर सिमट गई।

लखनऊ की ओर से मिचेल मार्श ने संघर्षपूर्ण पारी खेलते हुए 41 गेंदों में 55 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिल सका। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 11 रन तक पहुंचते-पहुंचते तीन अहम विकेट गिर गए।

# लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## निवेशकों को लगी 2.99 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

नई दिल्ली,। पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर बनी अनिश्चितता, कमजोर वैश्विक संकेत और कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी ने घरेलू शेयर बाजार को आज लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद होने के लिए मजबूर कर दिया। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक खरीदारी का रुख भी बना, लेकिन ये तेजी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी। सुबह 10 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी बढ़ती चली गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, पीएसयू बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसके अलावा आईटी, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, मीडिया और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स और हेल्थकेयर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब तीन लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 466.37 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 469.36 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों



को आज के कारोबार से करीब 2.99 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,449 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,762 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,517 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 170 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,965 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,031 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,934 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से पांच शेयर बढ़त के साथ और 25 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 532.83 अंक की कमजोरी के साथ 77,983.66 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली के दबाव के कारण यह सूचकांक 823.43 अंक टूट कर 77,693.06 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद लिवालों ने खरीदारी का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स की चाल में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के करीब यह सूचकांक ओपनिंग लेवल से 194.88 अंक की रिकवरी कर 78,178.54 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन गया, जिससे इस सूचकांक की गिरावट बढ़ती चली गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले यह सूचकांक 942.31 अंक लुढ़क कर 77,574.18 अंक तक आ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से करीब 90 अंक की रिकवरी कर 852.49 अंक की गिरावट के साथ 77,664 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 175.75 अंक फिसल कर 24,202.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से यह सूचकांक 243.30 अंक लुढ़क कर 24,134.80 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से सुबह 10 बजे के थोड़ी देर बाद निफ्टी ओपनिंग लेवल से करीब 107.85 अंक की रिकवरी कर 24,310.20 अंक के स्तर तक पहुंच गया।

# अमेरिकी नौसेना प्रमुख ने त्यागपत्र दिया: युद्ध विभाग

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन फ़ेलन ने त्यागपत्र दे दिया है। इसकी जानकारी अमेरिका के युद्ध विभाग ने दी।

विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा, ''नौसेना प्रमुख जॉन सी. फ़ेलन तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं।ङ्क बयान में कहा गया है कि उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे। एक्सियोस समाचार पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार, श्री फ़ेलन की विदाई कई लोगों के लिये आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ 'ठीक नहीं' थे, लेकिन कथित तौर पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। समाचार पोर्टल ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ह्ल श्री फ़ेलन यह नहीं समझ पाये कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिये गये आदेशों का पालन करना है, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिये जाने चाहिये। श्री फ़ेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और 'गोल्डन फ्लीट' पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिये संवाददाताओं से बात की थी। श्री फ़ेलन का त्यागपत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है। अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। अमेरिका का कहना है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिये स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को मार्ग कर नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने मार्ग कर लगाने की घोषणा नहीं की है, लेकिन ऐसी योजनाओं पर चर्चा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी घेराबंदी को 'एक जबरदस्त सफलता' बताया है और कहा है कि वाशिंगटन तब तक हॉर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलेगा, जब तक कि उसके पास 'अंतिम समझौता' न हो।

# पेज एक का शेष

### पश्चिम बंगाल...

